mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-256 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
15 सितंबर 2024 रविवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



दलीप ट्रॉफी राउंड 2...

@ पेज 7

# दो जगह मुठभेड़, बारामूला में तीन आतंकी किए गए ढेर

**किश्तवाड़ में 2 जवान शहीद हुए थे,सेना और पुलिस का जॉइंट ऑपरेशन जारी**



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में पीएम मोदी की शनिवार को रैली से पहले सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दो जगहों पर मुठभेड़ जारी है। बारामूला में तीन आतंकी मारे गए हैं। किश्तवाड़ में कल दो जवान शहीद हुए थे। दो अन्य घायल हैं। दोनों जगहों पर सेना और पुलिस जॉइंट ऑपरेशन चला रही है। बारामूला जिले के क्रेरी के चक टापर इलाके में शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। देर रात ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। अभी इनकी पहचान नहीं हुई है।

# यूपी में बारावफात व विश्वकर्मा जयन्ती को लेकर भारी सख्ती

**पुख्ता रहेगी सुरक्षा व्यवस्था,डीजीपी ने अफसरों को दिए निर्देश**



**लखनऊ (एजेंसी)।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने बारावफात और विश्वकर्मा जयंती को लेकर फील्ड के अफसरों को सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रमों के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी जोन के एडीजी, पुलिस कमिश्नर, रेंज के आईजी व डीआईजी, जिलों के एसएसपी व एसपी को भेजे पत्र में कहा है कि पिछले वर्षों में जिन-जिन स्थानों पर किसी तरह का विवाद सामने आया हो, वहां पुलिस व राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्थिति का अध्ययन कर विवाद को सुलझाने एवं संवेदनशीलता को दूर करने की कार्रवाई की जाये। किसी भी नई परंपरा की अनुमति न दी जाए।

# सुनीता विलियम्स स्पेस स्टेशन से अमेरिकी चुनाव में डालेंगी वोट

**पृथ्वी से 400 किमी दूर से प्रेस कॉन्फ्रेंस की,कहा-मुझे स्पेस में रहना**



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** 100 दिन से अंतरिक्ष में फंसीं भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विलमोर ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह भारतीय समयानुसार शुक्रवार देर रात 12.15 बजे से हुई। सुनीता और बुच ने कई सवालों के जवाब दिए। दोनों ने कहा कि वे अमेरिकी चुनाव में स्पेस से वोटिंग करेंगे। वोटिंग को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में बुच ने कहा, उन्होंने आज ही वोट देने से जुड़ी चुनावी प्रक्रिया शुरू की है। यह एक जरूरी ड्यूटी है। नासा इस पर काम कर रहा है कि कैसे हम वोट दे सकें। सुनीता विलियम्स ने कहा कि वह स्पेस से वोटिंग करने को लेकर उत्साहित हैं। 400 किलोमीटर दूर स्पेस सेंटर से सुनीता और बुच ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी चुनाव में वोट डालने के लिए नासा से पोस्टल बैलट का अरेंजमेंट करने की रिक्वेस्ट की है। सुनीता और बुच ने 5 जून को स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### विनेश फोगाट मामले में पूर्व सॉलिसिटर जनरल का बड़ा दावा

- साल्वे बोले-हम स्विस कोर्ट में चुनौती देना चाहते थे,रेसलर ने इनकार किया

**पानीपत (एजेंसी)।** रेसलर विनेश फोगाट के पेरिस ओलिंपिक में भारतीय दल के कोई मदद न करने के आरोप पर देश के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे मीडिया के सामने आए हैं। एक न्यूज चैनल से बातचीत करते हुए साल्वे ने कहा कि खेल कोर्ट के फैसले को वह स्विस कोर्ट में चैलेंज करना चाहते थे। मगर, इस बारे में विनेश ने अपने वकीलों के



जरिए आगे कोई कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। बता दें कि साल्वे ने खेल कोर्ट में सिल्वर मेडल के लिए विनेश के पक्ष में पैरवी की थी। साल्वे का यह बयान इसलिए अहम है क्योंकि कुछ दिन पहले विनेश फोगाट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि पेरिस ओलिंपिक में डिस्क्वालिफाई होने के बाद उन्हें कोई मदद नहीं मिली।

### ज्ञानवापी ही विश्वनाथ धाम है, इसे मस्जिद कहना दुर्भाग्य

- गोरखपुर विश्वविद्यालय में नाथ संप्रदाय के कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

**गोरखपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी विवाद को लेकर शनिवार को एक बार फिर अपनी बात रखी। गोरखपुर विश्वविद्यालय में नाथ पंथ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से उस ज्ञानवापी को आज लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं लेकिन वास्तव में ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ जी हैं। यही विश्वनाथ धाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



भारत के लिए अस्पृश्यता एक अभिशाप है। यह न केवल साधना के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए भी सबसे बड़ी बाधा है। इस बात को यदि देश के लोगों ने समझा होता तो देश गुलाम नहीं होता। मुख्यमंत्री, शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और हिन्दुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम ने तीन पुस्तकों और पत्रिकाओं का विमोचन भी किया। इनमें डॉ. पद्मजा सिंह की नाथपंथ पर लिखित पुस्तक और महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ शोध पीठ की पत्रिका 'कुंडलिनी' शामिल हैं। इसके अलावा एक दिव्यांगजन कैंटीन का उद्घाटन भी हुआ।

# कश्मीर का चुनाव तीन खानदानों और नौजवानों के बीच है

**डोडा रैली में बोले प्रधानमंत्री मोदी-कांग्रेस सरकार के गृहमंत्री लाल चौक जाने से डरते थे**

- जम्मू-कश्मीर को तीन खानदानों ने किया बर्बाद,ये हैं पीडीपी, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस

**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए डोडा पहुंचे। यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम में मोदी ने 45 मिनट की स्पीच दी। इस दौरान पीएम मोदी ने परिवारवाद, आतंकवाद, पत्थरबाजी, कश्मीरी पंडित और आर्टिकल 370 जैसे मुद्दों पर जनता को संबोधित किया। पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर को कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी खानदान ने बर्बाद किया। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया, वो किसी पाप से कम नहीं है। तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को दशकों तक बर्बादी देने के जिम्मेदार हैं। हम और आप मिलकर एक सुरक्षित कश्मीर का निर्माण करेंगे, ये मोदी की गारंटी है। वहीं मोदी ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए कहा- ये कहते हैं अगर 20 सीटें और आतीं तो मोदी समेत सभी नेता जेल में होते। आपको नेताओं को जेल भेजने के लिए सरकार बनानी है, या लोगों के भले के लिए। इस रैली के जरिए मोदी ने चिनाब घाटी के तीन जिलों, डोडा, किश्तवाड़ और रामबन की 8 विधानसभा सीटों को साधा।



**कश्मीरी पंडितों पर**

### मोदी बोले- भाजपा ने कश्मीरी पंडितों के लिए आवाज उठाई

कश्मीरी पंडितों पर पीएम ने कहा- तीन दशक से ज्यादा हो गए, इसी दिन हमारे कश्मीरी पंडित टीका लाल टपलू को आतंकवादियों ने शहीद किया था। उनकी हत्या के बाद कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार का अंतहीन सिलिसिला चला है। भाजपा ने कश्मीरी पंडितों के लिए आवाज उठाई, उनका साथ दिया। यहां मंच पर हमारी बेटी शगुन बैठी है। इनके पिता और चाचा दोनों को आतंकवादियों ने मार डाला था। अब भाजपा ने आतंकवाद पीड़ित इस बिटिया को टिकट दिया है। बेटी शगुन सिर्फ कैंडीडेट हैं, ऐसा नहीं है। ये आतंक को खत्म करने के भाजपा के मजबूत इरादों की जीती जागती तस्वीर है।

**आतंकवाद पर: पुरानी सरकारों में गृहमंत्री तक लालचौक जाने से डरते थे**

पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर में तीन खानदानों ने यहां अलगाववाद और आतंकवाद के लिए जमीन तैयार की। इसका फायदा किसने उठाया, देश के दुश्मनों ने। ये लोग आतंकवाद को इसलिए पालपोस रहे थे ताकि इनकी अरबों-खरबों की दुकान चलती रहे। इनके गुनाहों की वजह से हमारे बच्चों की जान चली गई। ये चंद्रभागा घाटी, ये सालों साल चले आतंकवाद के दौर की गवाह रही है। याद करिए वो समय, जब दिन ढलते ही यहां अघोषित कर्फ्यू लग जाता था। सारी दुकानदारी ठप, सारा कामकाज ठप। तब केंद्र सरकार के गृहमंत्री तक लालचौक जाने से डरते थे।


## फिर से अनहोनी

# आसमान में होंगे दो चंद्रमा !

**सितंबर से नवंबर तक पृथ्वी को मिलेगा नया मिनी मून**

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** सौर मंडल में कई ग्रह हैं, जिनके एक से ज्यादा चंद्रमा होते हैं। शनि के तो 146 ज्ञात चंद्रमा हैं लेकिन पृथ्वी के पास एक ही चंद्रमा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जल्द ही एक अस्थायी मिनी मून हमें मिल सकता है। यानी तब पृथ्वी के पास कुछ समय के लिए दो चंद्रमा होंगे। यह एक दुर्लभ खगोलीय घटना होगी, जो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की ताकत दिखाएगा। लेकिन यह चंद्रमा ऐसा नहीं होगा, जैसा हम आसमान में देखते हैं। बल्कि यह एक एस्टेरॉयड के रूप में बहुत छोटा होगा।

मिनी-चंद्रमा बनाने वाले एस्टेरॉयड का नाम 2024 पीटी होगा। इस एस्टेरॉयड को 7 अगस्त 2024 को खोजा गया है। इसका व्यास लगभग 10 मीटर है। 29 सितंबर से 25 नवंबर कर के लिए इसे पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण पकड़ लेगा। इस दो महीने की अवधि के दौरान एस्टेरॉयड पृथ्वी का चक्कर लगाएगा लेकिन यह पृथ्वी की एक परिक्रमा नहीं कर पाएगा। 25 नवंबर 2024 के बाद यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकल जाएगा और एक बार फिर सूर्य की परिक्रमा करने लगेगा। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की ओर से इससे जुड़ा पेपर प्रकाशित हुआ है, जिसमें



शोधकर्ताओं ने निष्कर्षों का विवरण दिया। पेपर में लिखा है, नियर अर्थ ऑब्जेक्ट यानी पृथ्वी के निकट की वस्तुएं घोड़े के नाल जैसे पथ का अनुसरण करती हैं।

यह हमारे ग्रह के करीब और कम सापेक्ष वेग से पहुंचती है। तब मिनी-मून जैसी घटनाएं होती है। इस कारण एस्टेरॉयड की भूकेंद्रित ऊर्जा घंटों, दिनों या महीनों के लिए नकारात्मक हो जाती है। लेकिन चक्कर पूरा किए बिना वह अपने रास्ते पर निकल जाती हैं। एस्टेरॉयड 2024 पीटी 5 पृथ्वी के समान कक्षाओं वाली नियर अर्थ ऑब्जेक्ट का हिस्सा है। इस एस्टेरॉयड का अपेक्षाकृत कम वेग और पृथ्वी के करीब आना गुरुत्वाकर्षण को अस्थायी रूप से इसका रास्ता बदलने की इजाजत देगा। इससे एक लघु चंद्रमा बन जाएगा। पहले भी पृथ्वी के लघु चंद्रमा रहे हैं। 2024 पीटी नग्न आंखों या ज्यादार छोटे टेलीस्कोप से देखने के लिए बहुत धुंधला होगा। इसके प्रकार की तीव्रता 22 होगी जो उन्नत ऑब्जर्वेटरी में ही दिखेगा। वैज्ञानिके इसे नियर अर्थ ऑब्जेक्ट की स्टडी के लिहाज से सुनहरा मौका मान रहे हैं।

# हिमाचल में मस्जिद विवाद को लेकर लोग सड़कों पर उतरे

- **शिमला समेत 5 जगह प्रदर्शन, पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में रैलियां, बाजार बंद रहे**

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की मस्जिदों में अवैध निर्माण के विवाद को लेकर 4 जिलों में प्रदर्शन हो रहा है। शिमला से सटे सुन्नी, बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर जिले के पांवटा साहिब और मंडी के सुंदरनगर में हिंदू संगठनों ने शनिवार को आक्रोश रैली निकाली। ये संगठन शिमला के संजौली मस्जिद के खिलाफ प्रदर्शन में पुलिस लाठीचार्ज का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों का पुलिस वैरिफिकेशन हो। साथ ही उनके कामकाज पर नजर रखी जाए। इस प्रदर्शन के समर्थन में पूरे प्रदेश के बाजार भी 2 घंटे बंद रखे गए। प्रदर्शन को देखते हुए पूरे राज्य में मस्जिदों और मुस्लिम आबादी वाले इलाकों के बाहर पुलिस तैनात की गई है। शिमला में स्थानीय युवक की पिटाई से शुरू हुआ विवादः शिमला में 31 अगस्त की शाम को मल्याणा गांव में एक स्थानीय व्यक्ति की पिटाई की गई। आरोप लगे कि मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उसे पीटा। मारपीट के बाद आरोपी शिमला की संजौली मस्जिद में छिप गए। स्थानीय लोगों ने अगले ही दिन यानी 1 सितंबर को संजौली में मस्जिद के बाहर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि 5 मंजिला मस्जिद के 3 फ्लोर अवैध हैं।



### पत्नी के साथ हनुमान मंदिर पहुंचे सीएम केजरीवाल

- 177 दिन के बाद रिहा हुए थे,स्वागत में पटाखे जलाने वालों पर एफआईआर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार सुबह क्नॉट प्लेस के हनुमान मंदिर पहुंचे। दिल्ली सीएम के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, एएपी नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी पहुंचे। मंदिर पहुंचकर केजरीवाल ने पत्नी के साथ भगवान हनुमान को जल चढ़ाया। पुजारी ने उन्हें एक गदा देकर चुन्नी उढ़ाई। पूजा के बाद अरविंद केजरीवाल राजघाट जाएंगे। वे महात्मा गांधी के समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



शराब नीति केस में जमानत मिलने के बाद मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने भी इसी हनुमान मंदिर में बजरंग बली की पूजा की थी। अंतरिम जमानत के बाद 2 जून को सरेंडर करने से पहले भी केजरीवाल ने इसी मंदिर में बजरंग बली के दर्शन किए थे। उधर 177 दिन बाद जेल से बाहर आने पर तिहाड़ के बाहर आतिशबाजी हुई थी। इसे लेकर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, दिल्ली में प्रदूषण के चलते 1 जनवरी 2025 तक पटाखे जलाने पर बैन है। रिहाई के बाद केजरीवाल बोले- सच्चा था इसलिए भगवान ने साथ दिया अरविंद केजरीवाल 13 सितंबर को शाम करीब 6.15 बजे तिहाड़ जेल से बाहर आए। बाहर आने के बाद उन्होंने कहा- मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है।

# नारेबाजी बंद कर प्लीज मुझे 5 मिनट सुन लीजिए

**अचानक डॉक्टरों के प्रदर्शन की जगह पहुंचीं सीएम ममता बनर्जी**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को अचानक उस जगह पर पहुंच गई जहां डॉक्टर पिछले एक महीने से ज्यादा वक्त से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इस कदम से प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के साथ-साथ सबको चौंका दिया। उनके नरम तेवर ने भी चौंकाया। अब तक इस केस को लेकर सख्त लहजा अपनाने वालीं ममता के तेवर बदले हुए थे। डॉक्टर नारेबाजी कर रहे थे तो उन्होंने अपील की कि प्लीज, 5 मिनट सुन लीजिए। उनसे बातचीत की। काम पर लौटने की अपील की। न्याय का भरोसा दिलाया। ये भरोसा कि इस लड़ाई में वह भी डॉक्टरों के साथ हैं। बस कुछ समय दीजिए। आरजी कर अस्पताल का केस ममता बनर्जी सरकार के गले की फांस बनता जा रहा है।



बर्बर कांड के खिलाफ पिछले करीब डेढ़ महीने से डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है। सुप्रीम कोर्ट भी डॉक्टरों से प्रदर्शन खत्म कर वापस लौटने की अपील कर चुका है। सीएम ममता बनर्जी भी प्रदर्शन खत्म कराने के लिए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दे चुकी हैं। उससे बात नहीं बनी तो इस्तीफे के पेशकश वाला इमोशनल कार्ड भी चल दिया। डॉक्टरों के प्रति जनसहानुभूति सियासी तौर पर महंगा न पड़े, इसलिए उसे खत्म करने के लिए रणनीतिक दांव भी चल दिया। प्रोटेस्ट के दौरान इलाज नहीं मिलने से जिन लोगों की मौत हुई, उनके परिजनों को 2-2 लाख रुपये मुआवजे का दांव।

और इतने सब के बाद भी बात बनती नहीं दिखी तो नरमी का संकेत भी दिया। यानी ममता बनर्जी साम-दाम-दंड-भेद की तरह हर तरह का रास्ता अपना रही हैं, ताकि कोलकाता डॉक्टर केस उनके लिए सियासी भंवर न बन पाए। उनके लिए लेफ्ट का नंदीग्राम न साबित हो जाए जिसका फायदा उठाकर उन्होंने खुद कभी बंगाल में लेफ्ट की एकछत्र सत्ता को उखाड़ फेंका था। ममता बनर्जी ने डॉक्टरों से काम पर वापस लौटने की अपील की और कहा कि सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी।

## सरल संयोजन पोर्टल पर नाम परिवर्तन करना हुआ आसान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने पोर्टल पर अब उपभोक्ताओं के नाम में परिवर्तन करना बेहद आसान कर दिया है। यह कार्य सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं को अपने मीटर से संबंधित नाम में परिवर्तन करना है वह कंपनी के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें कंपनी के पोर्टल पर के अंतर्गत में  के रूप में नाम बदलने की सुविधा उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को इसमें अपना आईवीआरएस नंबर डालना होगा। इससे वर्तमान कनेक्शन धारी संबंधित विवरण उसमें आ जाएगा। इसके बाद जिस नाम से कनेक्शन किया जाना है वह नाम तथा उससे संबंधित समग्र आईडी अथवा पैन कार्ड की प्रविष्टि की जानी है। इसके बाद समग्र पोर्टल से लिंक मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे प्रविष्ट करने के बाद आवेदन की प्रक्रिया आगे बढ़ जाएगी। इसके बाद उपभोक्ता को अपने जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। इनमें स्वयं का फोटो, पहचान पत्र, स्वामित्व प्रमाण, जाति प्रमाण पत्र यदि लागू हो, बीपीएल कार्ड यदि लागू हो, को अपलोड किया जाना है। घरेलू उपभोक्ता एवं सिंगल फेज गैर घरेलू उपभोक्ताओं को घोषणा पत्र देना होगा जबकि बाकी उपभोक्ताओं से उपरोक्त दस्तावेजों के अलावा एग्रीमेंट की शर्तों को नवीन मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। इसके पश्चात उपभोक्ता द्वारा 170 रूपये के डिमांड नोट का भुगतान किया जाना है। ऑनलाइन आवेदन देने के पश्चात उपभोक्ता आवेदन क्रमांक अथवा मोबाइल नंबर से आवेदन की स्थिति का पता लगा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 1912 अथवा उपाय एप तथा कंपनी के चैटबॉट 0755 2551222 पर भी जानकारी हासिल की जा सकती है।

## सोयाबीन एमएसपी बढ़ाने संबंधी भ्रामक समाचार फैलाने वालों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई - सचिव कृषि सेल्वेंद्रन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सोयाबीन पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने के संबंध में भ्रामक समाचार फैलाने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री एम. सेल्वेंद्रन ने बताया कि सोशल मीडिया पर वर्ष 2024 -25 के लिए सोयाबीन की एमएसपी बढ़ाने संबंधी फर्जी पत्र वायरल हो रहा है। यह पत्र पूर्णतः फर्जी है। फर्जी पत्र को वायरल करके भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा केंद्र सरकार से प्राप्त अनुमति अनुसार वर्ष 2024-25 के लिए सोयाबीन का उपार्जन निर्धारित दर 4892 रुपए प्रति क्विंटल से ही किया जाएगा। सचिव कृषि श्री सेल्वेंद्रन ने बताया है सोयाबीन की एमएसपी बढ़ाने संबंधी फर्जी पत्र वायरल करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि फर्जी पत्र में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के प्रमुख सचिव एस. सेल्वेंद्रन के हस्ताक्षर से वर्ष 2024-25 विपणन खरीफ फसल सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 5789 रुपए प्रति क्विंटल करने का जिक्र है, जो कि पूर्णतः फर्जी और भ्रामक है।

## फिल्म शूटिंग के लिये आदर्श राज्य है मध्यप्रदेश- एएमडी मुखर्जी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर गंतव्यों एवं एकल खिड़की व पारदर्शी शूटिंग अनुमतियों के कारण मध्यप्रदेश फिल्म शूटिंग्स के लिये एक प्रमुख गंतव्य बन चुका है। बिहार शासन ने हाल ही में म.प्र. फिल्म पर्यटन नीति की तर्ज पर बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 लागू की है। फिल्म नीति के लिये क्रियान्वयन के लिये विकसित नियमावली एवं संचालन विधियों के अध्ययन के लिये बिहार फिल्म विभाग के एक दल ने म.प्र. टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक (एएमडी) सुश्री बिदिशा मुखर्जी से मुलाकात की। बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री राहुल कुमार के नेतृत्व में कंसल्टेंट श्री अनादि शंकर एवं गुरजीत सलुजा ने टूरिज्म बोर्ड में फिल्म नीति के क्रियान्वयन को जाना। सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि, फिल्म पर्यटन नीति लागू 2020 के लागू होने के बाद से म.प्र. में 400 से ज्यादा फिल्म, वेब सीरिज, डॉक्युमेंट्री, टीवी सीरियल्स, एड फिल्म्स की शूटिंग हो चुकी है। म.प्र. प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, जो फिल्मों के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। ऐतिहासिक किले, मंदिर, जंगल, नदियाँ, और ग्रामीण क्षेत्रों की आकर्षक लोकेशन्स हैं। म.प्र. लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत फिल्मों की शूटिंग के लिए अनुमति देने वाला देश का पहला राज्य है। 15 कार्य दिवसों के भीतर आवेदन का निपटारा करना होता है। पॉलिसी में आकर्षक सब्सिडी और प्रोत्साहन, सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसे प्रमुख बिंदु शामिल है।

# अनुशासित और संयमित रहकर आदर्श नागरिक बने विद्यार्थी-राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विद्यार्थी अनुशासित और संयमित रह कर आदर्श नागरिक बने। अपने जीवन और शिक्षा की यात्रा में उपयोगी चीजों को ही महत्व दे। नैतिकता, अनुशासन और एकाग्रता को भंग करने वाली गतिविधियों से दूर रहे। राज्यपाल श्री पटेल मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में आयोजित तूर्यनाद- 24 महोत्सव के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारत की इतिहास और संस्कृति में सेवा और संस्कारों की महान सीख विद्यमान है। विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरुजनों का हमेशा आदर करे। उनकी सीख और एहसानों के प्रति जीवन भर आभारी रहे। हमेशा परिवार, समाज और राष्ट्र के सम्मान को बढ़ाने वाले काम करे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि युवा, तकनीकी ज्ञान के साथ भारत की ऐतिहासिक और गौरवशाली परम्पराओं से जुड़े रहें, क्योंकि विकास के लिए तकनीकी प्रगति जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और भाषायी प्रगति भी जरूरी है। सांस्कृतिक और भाषायी प्रगति के बिना तकनीकी प्रगति अधूरी है। उन्होंने कहा कि जीवन में वैज्ञानिक और व्यावसायिक उपलब्धियों और चुनौतियों के बीच व्यावहारिक ताल-मेल स्थापित करना होगा। यही समन्वय हमें वास्तविक आनन्द प्रदान करता है। समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा के गुण, मानवता के विकास के हमेशा आधार रहे हैं।



## शांति एवं कानून-व्यवस्था की सुनिश्चितता के लिए सभी जिलों में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रदेश के आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने, असामाजिक/उपद्रवी तत्वों में कानून का भय उत्पन्न करने, शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों/थाना क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना ने विगत दिवस वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जोनल एडीजी/आई जी, इंदौर-भोपाल पुलिस आयुक्त, सभी एसपी तथा नगरीय पुलिस उपायुक्तों को फ्लैग मार्च किए जाने के निर्देश दिए थे।

आज शाम व्यस्ततम् सड़कों, बाजारों में कानून व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों तथा महत्वपूर्ण त्यौहारों पर जुलूस एवं चल समारोह के मार्गों पर आयोजित फ्लैग मार्च में प्रदेश पुलिस बल के अधिकारी से लेकर आरक्षक, विशेष सशस्त्र बल और रेपिड एक्शन फोर्स का अमला मय वज्रवाहन व संसाधनों आदि के साथ शामिल हुए। इस फ्लैग मार्च का बदमाशों, असामाजिक/उपद्रवी तत्वों में कानून-व्यवस्था का भय और जन सामान्य में सुरक्षा के भाव के साथ सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है।

## रेम्प के साथ एमएसएमई अधिकारियों की कार्यशाला सम्पन्न




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की उत्पादकता बढ़ाकर मध्यप्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिये आज एक दिवसीय जागरूकता दिवस के तहत भोपाल और नर्मदापुरम के विभागीय अमले के साथ यानि रेजिंग एंड एसीलेरेटिंग एमएसएमई परफारमेंस की टीम ने गंभीर विचार विमर्श किया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत सर्वाधिक ध्यान कोविड-19 के बाद के छोटे उद्योगों की भूमिका और उनकी ग्रोथ पर चर्चा हुई तथा उत्पादकता बढ़ाने की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर विभाग के उप सचिव श्री पंकज शर्मा और राष्ट्रीय उत्पाकता परिषद के निदेशक श्री आशुतोष माकुम ने संपूर्ण विषय के साथ योजना की अवधारणा के महत्व के बारे में संबोधित किया।

रेम्प के नोडल अधिकारी श्री अनिल थामले ने कार्यक्रम में रेजिंग एण्ड एसीलेरेटिंग एमएसएमई परफारमेंस के विभिन्न पहलुओं की प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का पहला उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की उत्पादकता बढ़ाना और उनके प्रदर्शन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाना है। समूह आधारित विचार-विमर्श भी अधिकारियों के अलग-अलग दलों द्वारा किया गया।

## आपदा प्रभावित लोगों को जल्द मुआवजा दिया जाए - ऊर्जा मंत्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शिवपुरी में आपदा राहत की तैयारियों की समीक्षा की और बुधवार को लगातार हुई वर्षा में जिले के विभिन्न इलाकों में हुई क्षति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सर्वे जल्द कराएं और आपदा प्रभावित लोगों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अभी टीम अलर्ट मोड पर रहे। कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित न हो पाए। जल-भराव वाले स्थलों पर लोग न जाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि जल-भराव के कारण मच्छर जनित रोग उत्पन्न हो सकते हैं। अतः प्रभावित एरिया में हेल्थ कैंप लगाएं और लोगों का चेकअप कराया जाए। शहरी क्षेत्र में भी सीएमओ नगर पालिका द्वारा दवा का छिड़काव कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण कई गांव में



विद्युत की समस्या भी आई है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य चौराहा पर स्ट्रीट लाइट चालू रहना चाहिए। पुलिस की टीम भी भ्रमण करती है, उन्हें यदि कहीं मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट बंद है या खराब दिखती है तो उसकी जानकारी तत्काल विद्युत विभाग की टीम को दें। प्रभारी मंत्री ने कहा है कि इस प्रकार की आपदा प्राकृतिक है इन्हें रोका नहीं जा सकता, लेकिन आपदा में राहत एवं बचाव कार्य की तैयारी बेहतर होना चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी सतर्क रहकर काम करें। कहीं भी कोई स्थिति खराब होती है उसकी सूचना तत्काल दी जाए, जिससे वहां राहत एवं बचाव कार्य समय पर कराया जा सके।

## प्रदेश में ई-नगरपालिका का उपयोग अब हुआ आसान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में ई-नगरपालिका पोर्टल को यूजर फ्रेण्डली और सरल बनाये जाने के लिये नगरीय विकास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नगरीय विकास आयुक्त श्री भरत यादव ने बताया कि अब नवीन सम्पत्ति आईडी बनाये जाने की प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने निर्देश दिये थे। आवेदक द्वारा सम्पत्ति पंजीयन के लिये समग्र आईडी प्रस्तुत की जायेगी। नवीन सम्पत्ति के लिये पोर्टल आवेदन के समय सम्पत्ति के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज लोड किया जाना अनिवार्य होगा। जहाँ पूर्व से सम्पत्ति पर विद्युत कनेक्शन है, वहाँ आवेदक द्वारा विद्युत कनेक्शन, उपभोक्ता क्रमांक दर्ज किया जाना अनिवार्य होगा। यदि वर्तमान में सम्पत्ति पर कोई विद्युत कनेक्शन नहीं है, तो नहीं का विकल्प चयन कर आवेदन दर्ज किया जा सकेगा। भविष्य में सम्पत्ति पर विद्युत कनेक्शन प्राप्त किये जाने की दशा में वितरण कम्पनी डाटा के साथ इन्टीग्रेशन के माध्यम से ई-नगरपालिका पोर्टल पर दर्ज सम्पत्ति आईडी के विरुद्ध उपभोक्ता क्रमांक की जानकारी अपडेट की जा सकेगी। दस्तावेजों के ऑनलाइन जमा किये जाने के बाद स्थानीय निकाय कार्यालय द्वारा सम्पत्ति का भौतिक निरीक्षण किया जाना अनिवार्य होगा। भौतिक निरीक्षण किये जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत निकाय के जाँच अधिकारी द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से सत्यापन किया जायेगा। इस सत्यापन के लिये संबंधित निकाय सम्पत्ति का लाइव फोटोग्राफ और जियो लोकेशन मोबाइल एप में दर्ज कर सत्यापन किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## भोपाल में डिजिटल परिवर्तन सम्मेलन का 14वां संस्करण संपन्न

भोपाल। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीएसईडीसी) और गॉव कनेक्ट के सहयोग से डिजिटल परिवर्तन सम्मेलन (डीटीसी) का 14वां संस्करण आज संपन्न हुआ। इस दौरान विचारक, नीति निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ एक साथ आए। कार्यक्रम से प्रौद्योगिकी और शासन का अभिसरण डिजिटल युग में सरकारी परिवर्तन, स्थिरता और समावेशी विकास को आगे ले जाने पर गंभीर मंथन हुआ।

प्रौद्योगिकी और शासन का अभिसरण थीम पर हुए इस सम्मेलन में सरकारी परिवर्तन के भविष्य पर जीवंत चर्चा हुई, जिसमें नागरिक-केंद्रित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्य भाषण से लेकर ज्ञान-साझाकरण सत्रों तक इस कार्यक्रम ने क्रॉस-सेक्टर जुड़ाव के लिए एक सहयोगी मंच प्रदान किया। सरकारी पारदर्शिता, दक्षता और नागरिक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाने पर चर्चा केंद्रित रही। वक्ताओ की राय थी कि डिजिटल परिवर्तन रोडमैप के प्रमुख चालक के रूप में स्थिरता पर जोर दिया जाए। हिताची वंतारा, आईबीएम, एएमडी इंडिया, सेल्सफोर्स, जाबरा, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया और टैली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड जैसे प्रमुख संगठनों के उद्योग जगत के नेताओं ने व्यावहारिक प्रस्तुतियाँ दीं, जो भारत की डिजिटल विकास कहानी में योगदान देने की उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। चार पैनल चर्चाओ में नागरिक-केंद्रित डिजिटल परिवर्तन, शासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सहयोगी शासन मॉडल और सभी क्षेत्रों में एकीकृत डिजिटल परिवर्तन ढाँचों के एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित थी। केस स्टडी प्रस्तुतियों में भारत भर से सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित किया गया, जो प्रौद्योगिकी के साथ शासन प्रणालियों को बदलने के लिए व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करती हैं। मध्यप्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने कहा कि %डिजिटल परिवर्तन कॉन्क्लेव का यह संस्करण केवल एक आयोजन नहीं है बल्कि डिजिटल रूप से सशक्त शासन ढाँचे को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और मध्यप्रदेश केवल डिजिटल परिवर्तन का गवाह नहीं बन रहा है; यह एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है जो परंपरा को प्रौद्योगिकी, लचीलेपन को प्रगति के साथ सामंजस्य स्थापित करता है।% उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि डिजिटल परिवर्तन मध्यप्रदेश में शासन के भविष्य को कैसे आकार दे रहा है। आईलॉग मीडिया में एलायंस के सह-संस्थापक और निदेशक फहीम हक ने कहा कि %भोपाल न केवल परंपराओं से भरा शहर है, बल्कि तकनीकी नवाचार के लिए एक उभरता हुआ केंद्र भी है। कार्यक्रम के समापन पर डिजिटल शासन के भविष्य और भारत की निरंतर तकनीकी उन्नति के लिए इसकी क्षमता के बारे में सभी की एकजुट समझ दिखी।

## मध्यप्रदेश में निर्यात, स्टार्टअप्स और औद्योगिक अवसरों की प्रचुर संभावनाएं-मंत्री काश्यप

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुंबई में आज संपन्न हुई बोर्ड ऑफ ट्रेड की बैठक में एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में निर्यात, स्टार्टअप्स और औद्योगिक अवसरों की प्रचुर संभावनाएं है। उन्होंने नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिये राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। श्री काश्यप ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार कृषि और औद्योगिक निर्यात को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के लिए हितधारकों को पूर्ण समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।मुंबई के द वेस्टिन पवई में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल ने व्यापार और निर्यात के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चर्चा में वर्तमान व्यापार परिदृश्य, निर्यात प्रक्रियाओं को सरल बनाने, निर्यातकों के सामने आने वाली चुनौतियों और चुनौतियों को दूर करने के संभावित समाधान और दक्षता में सुधार जैसे कई




विषय शामिल थे। बैठक में मध्यप्रदेश के एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव, श्री राघवेंद्र सिंह, उद्योग आयुक्त श्री नवनीत मोहन कोठारी एवं श्री सुविध शाह, डीजीएफटी और कार्यकारी निदेशक एमपीआईडीसी ने भी भाग लिया। बैठक में भारत के व्यापार और निर्यात परिदृश्य को बढ़ावा देने एवं रणनीति बनाने के लिए देश के प्रमुख हितधारक सम्मिलित हुए। बैठक में प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य की प्रस्तुति में बताया गया कि मध्यप्रदेश अपनी समृद्ध कृषि विरासत और बढ़ते स्टार्टअप्स पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जाना जाता है।

देश के निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मध्यप्रदेश तैयार है। बैठक का समापन केंद्रीय और राज्य सरकारों, उद्योग हितधारकों और व्यापार निकायों के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर सहमति के साथ हुआ जिससे भारत की व्यापार और निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के साझा लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 1458 प्रकरणों का निराकरण





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 14 सितंबर 2024 को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार पाण्डेय, न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुकेश कुमार, विशेष न्यायाधीशध्प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत रमा जयंत मित्तल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीका है जिससे समय एवं धन की क्षति रूकती है और मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। मध्यस्थता के माध्यम से पक्षकारों को मदद होती है। पाण्डेय ने अधिवक्तागण से प्रकरणों का जल्दी निराकरण करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की तथा अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित किया। विशेष न्यायाधीश रमा जयंत मित्तल ने न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह लोक अदालत इस वर्ष की तीसरी लोक अदालत है और लोक अदालत को सफल बनाने में वकीलों का अहम योगदान रहा है। समझौता एक ऐसा विकल्प है जिसमें आगे होने वाली लड़ाई समाप्त हो जाती है। सिंह ने कहा कि नेशनल लोक अदालत एक कल्याणकारी योजना है। सिंह ने कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण हो जाता है उनका संदेश ऐसे प्रकरण के अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को समाज में देना चाहिए जिससे अन्य व्यक्ति भी नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभों को जान सके और अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वीरेन्द्र जोशी ने मध्यस्थता के बारे में विस्तार से बताया तथा यह भी बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण जल्दी हो जाता है। जोशी ने यह भी बताया कि किसी भी विषय पर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न होने पर सर्वप्रथम उसे मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के प्रयास किया जाना चाहिए। इसके साथ ही न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रेरित किया। जोशी ने नेशनल लोक अदालत के अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जोशी ने अधिवक्तागण से प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से अंतिम समय तक निराकरण करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुये समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन रूपेन्द्र कुमार मिश्रा सहायक ग्रेड-3 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय, विशेष न्यायाधीशध्प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत रमा जयंत मित्तल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुकेश कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश विकास चौहान, चतुर्थ जिला न्यायाधीश गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री, सोनू जैन, शोभना मीणा, रेनू श्रीवास्तव, सोनम शर्मा, अभिषेक साहू, अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, सुशील गहलोत, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, भारती शर्मा जिला अभियोजन अधिकारी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रशांत पाण्डेय, सहायक सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पूजा गोस्वामी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कु. सीनू वर्मा, चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी तथा अधिवक्तागण उदयकमल मिश्रा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, विद्याकांत मिश्रा, पैरालीगल वॉलेंटियर्स विनय तिवारी, शिप्रा सिंह बघेल, कु. शिवानी सिंह बघेल, कु ऋचा पाण्डेय, शुभम जायसवाल, प्रखर पाण्डेय, कु. रश्मि तिवारी, अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिवक्तागण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगरीय निकाय के प्रशासनिक अधिकारीगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्य एवं जिला न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय सीधी में 14 खण्डपीठें, व्यवहार न्यायालय चुरहट में 03, मझौली में 02 व रामपुर नैकिन में 01 खंडपीठ गठित की जाकर कुल 20 न्यायिक खण्डपीठें गठित की गई थी। नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशियेबल इस्ट्रूमेन्ट एक्ट के अन्तर्गत चेक बाउंस प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय तथा, नगर पालिका के जलकर से संबंधित प्रकरणों के सहित विद्युत वितरण कम्पनी, समस्त बैंकों के ऋण वसूली मुकदमा पूर्व प्री-लिटिगेशन के प्रकरण इस लोक अदालत में निपटारे हेतु रखे गये।

## कुसमी में उल्टी-दस्त से 3 लोगों की मौत

### 7 पीड़ित अस्पताल में भर्ती, कलेक्टर ने बनाई जांच टीम




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी में उल्टी-दस्त से एक ही परिवार के 7 लोग पीड़ित हैं। इनमें 2 की मौत एक दिन पहले शुक्रवार को हुई। वहीं शनिवार को परिवार के एक सदस्य ने दम तोड़ दिया। इस तरह अब तक कुल 3 तीन उल्टी-दस्त से जान गंवा चुके हैं। 4 लोगों का इलाज जारी है।

मामला कुसमी के भुइमाड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरोला और हरई गांव का है। दोनों गांव में बैगा समुदाय के 10 लोग बीमार थे। जिन्हें कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया था। जिसमें रीना पति गणेश बैगा (38) उसका बेटा बेटू बैगा (17) की एक दिन पहले मौत हो गई।

वहीं शनिवार को अमरोला गांव में एक साल अंकित पिता विजय सिहं की मौत हुई है। 7 लोगों का इलाज चल रहा है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की टीम दोनों गांवों में भेजी है। कलेक्टर स्वरोचिस सोमवंशी ने बताया कि उल्टी-दस्त से दो लोगों की मौत एक ही परिवार से हुई है। वहीं एक अन्य गांव के बच्चे की मौत भी हुई है। मैंने जांच टीम का गठन कर दिया है। जांच टीम अपना कार्य कर रही है। जो भी बीमार हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती किया जाएगा।

## प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड में गणेश उत्सव की धूम



**मीडिया ऑडीटर, सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के कालोनी स्थित स्टाफ क्लब परिसर में श्री गणेश उत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम भाद्र पद की चतुर्थी को श्री गणेश प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस वर्ष आवासीय एवं प्लांट परिसर में गजानन के पंडाल को सुंदर तरीके से सजाया गया है। गजानन के पंडाल में प्रति दिन पूजा अर्चना की जा रही है साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। आज के इस कार्यक्रम में प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी निर्देशक एवं सीईओ राकेश जैन, मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रसीडेंट (एचआरएम एंड कारपोरेट अफेयर्स) जिन्होने विधिवत भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर सभी के सुखमय जीवन की कामना की। इसी कार्यक्रम में मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रसीडेंट (एचआरएम एंड कारपोरेट अफेयर्स) ने गणपति पूजन कर सभी को अपनी शुभकामनायें देते हुये विघ्नहर्ता भगवान गणेश से प्लांट के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। प्रतिदिन गणेश उत्सव कार्यक्रम में कालोनी निवासियों द्वारा पूजा अर्चना मे सम्मिलित होकर आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे। जिनमें महिलाओं एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भजन, कीर्तन एवं नृत्य प्रस्तुत किये जाते है। इस गणेशोत्सव का समापन अनंत चथुर्दशी के दिन पूजन परंपरानुसार गणेश प्रतिमा के विसर्जन से होगा। आज के इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी सपरिवार बडी संख्या में शामिल रहे। उरोक्त आशय की जानकारी ए जी यम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## जिला अस्पताल में महिला की मौत

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिला-अस्पताल में भर्ती 35 वर्षीय महिला की इलाज के अभाव में शनिवार को मौत हो गई। परिजनों ड्यूटी डॉक्टर और नर्स स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रात में तकरीबन 3 बजे महिला की ज्यादा तबीयत खराब होने पर बार-बार ड्यूटी में तैनात डॉक्टर और नर्स स्टाफ को बुलाया गया। हालांकि उन्होंने इलाज नहीं किया, जिससे महिला की मौत हो गई। वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक गुप्ता ने कहा कि महिला को तीन अलग-अलग डॉक्टरों ने देखा और इलाज भी किया है।

दरअसल, पुरुषोत्तम शहीदन निवासी लक्ष्मी कुशवाहा पति रम्मू कुशवाहा (40) की तबीयत खराब होने पर शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात्रि जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती करवाया गया।

शनिवार की सुबह 10 बजे महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना देखे ही सिर्फ दवाई लिख दी। मृतक महिला को बॉटल और इंजेक्शन लगा दिया गया, जिसके बाद उसकी हालत और बिगड़ने लगी। महिला को खून की उल्टियां होने लगी। परिजनों का दावा है कि बार-बार स्टाफ नर्सों को बुलाया गया लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी। हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो महिला को रेफर कर दिया, लेकिन उसके पहले मौत हो गई।

## शासकीय महाविद्यालय मड़वास में हिन्दी दिवस पर हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शासकीय महाविद्यालय मड़वास में हिन्दी दिवस के अवसर पर 'हिन्दी दिवस कार्यक्रम' का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आईपी प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया। ज्ञातव्य हो कि देशभर में हर साल 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. दीपक अग्निहोत्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओ को स्वत्रंतता आंदोलन में हिन्दी भाषा के द्वारा दिये गए योगदान के बारे बताया। सह वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने हिन्दी शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम आयोजक डॉ. निशा सिंह ने हिन्दी भाषा के इतिहास पर अपनी बात रखी, साथ ही कविता के माध्यम से उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुरेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं में स्वतंत्रता तिवारी ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी तो छात्र पुष्पेंद्र गुप्ता ने हिन्दी राजभाषा पर बात रखी। अन्य छात्राओं में अंजली पांडेय, रूबी साहू, शीलू शुक्ला, निकिता गुप्ता, आंचल गुप्ता, कमोलिका जायसवाल, राजकुमार गुप्ता आदि छात्र-छात्राओं ने कविताओं एवं वक्तव्य के माध्यम से हिन्दी पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ. कमलेश जायसवाल, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ. अमिता खरे, डॉ. सौरभी गुप्ता, प्रवीण साकेत, डॉ. ज्योति रजक, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. संध्या वर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## सांसद ने अपराधी को बनाया अपना प्रतिनिधि

### पूर्व मंत्री ने केंद्रीय मंत्री पर लगाए गंभीर आरोप- बोले अपराधियों को दे रहे संरक्षण



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** भाजपा के पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह 'भवर राजा' ने केंद्रीय मंत्री डॉ.वीरेंद्र कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री लाल दीवान अहिरवार ने पूर्व मंत्री भवर राजा से शनिवार को शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया था कि केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक ने ऐसे व्यक्ति को प्रतिनिधि बनाया है। जो व्यक्ति अपराधी है। मर्डर जैसे कई अपराध दर्ज है। इन्होंने शासकीय जमीन में मकान बना रखा हैं, बूथ कैपचरिंग और खनिज के आरोप है। इसके खिलाफ मैंने प्रधानमंत्री मोदी और क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह से शिकायत की है। ऐसे अपराधियों को अगर केंद्रीय मंत्री संरक्षण देंगे तो क्षेत्र में अपराध बढ़ेंगे। पूर्व मंत्री भवर राजा बेटे कामाख्या सिंह वर्तमान में महाराजपुर विधानसभा के विधायक हैं। इसे लेकर शनिवार की दोपहर करीब एक बजे पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह 'भवर राजा' और बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री लाल दीवान अहिरवार ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता रखी थी।

पूर्व मंत्री भवर राजा ने कहा- शिकायतकर्ता (लाल दीवान अहिरवार) ने मुझे अपनी व्यथा बताई है और ऊपर भी शिकायत भेजी है। मेरे पास आए थे इसलिए आज पत्रकारिता वार्ता रखी है। यह व्यक्ति शासकीय योजनाओं में दखलंदाजी देता है। यह व्यक्ति क्षेत्रीय विधायक के काम में दखलंदाजी देता है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने जो कहा है- वह सही है। प्रशासन को सभी पर कार्यवाही करना चाहिए, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो।

**पूर्व मंत्री से सांसद प्रतिनिधि की शिकायत:** पूर्व मंत्री से शिकायत में अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री अहिरवार ने कहा- ऐसे व्यक्तियों को अगर संरक्षण दिया जाएगा, तो क्षेत्र में अपराध बढ़ेंगे। यह व्यक्तियों के कार्यो में हस्तक्षेप करता है। जिससे विधायक और क्षेत्र की जनता परेशान है।

इस व्यक्ति ने शासकीय जमीन पर मकान बनाया है। जिसका मेरे पास सीमांकन है। जिसकी कलेक्टर से शिकायत की गई है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे व्यक्तियों को केंद्रीय मंत्री ने संरक्षण दे रखा है। इन व्यक्तियों ने विधानसभा चुनाव में खुलकर कांग्रेस विधायक नीरज की पक्ष में वोटिंग भी कराई थी। लेकिन अब भाजपा सरकार उसको संरक्षण दे रही है। इस मामले में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**खनिज अधिकारी को केंद्रीय मंत्री ने लगाई थी फटकार:** दरअसल, 28 अगस्त को केंद्रीय वीरेंद्र और सांसद कुमार खटीक ने जनसुनवाई के दौरान बीजेपी नेता की शिकायत पर खनिज अधिकारी अमित मिश्रा को जमकर फटकार लगाई थी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पक वायरल हुआ था।

### पंचायतकर्मियों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

## जिले की पंचायतों में चलेगा स्वच्छता अभियान, सचिवों को मिली जिम्मेदारी





**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** संभागीय मुख्यालय के प्रशिक्षण केंद्र कल्याणपुर में अधिकारियों का स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सचिवों को भी प्रशिक्षण देकर पंचायतों को स्वच्छ रखने के गुर सिखाए गए।

सोहागपुर जनपद सीईओ मुद्रिका सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोहागपुर एसडीएम अरविंद शाह उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। समस्त ग्राम पंचायतों में भी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत शासकीय भवनों की साफ-सफाई, दीवार, धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई जाल स्रोतों की साफ सफाई नाली नालों और अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन प्लास्टिक कचरा इत्यादी पर चर्चा की।

**पंचायत सचिव नहीं बरतें लापरवाही:** कार्यक्रम के दौरान सीईओ मुद्रिका सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव और रोजगार सहायक इस कार्यक्रम में बिलकुल भी लापरवाही नहीं बरतें। यदि किसी पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा के समय लापरवाही मिलेगी, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विहान अस्पताल प्रबंधन ने यूट्यूबर की एसपी से की शिकायत, लगाये संगीन आरोप



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** जिले में इन दिनों यूट्यूबरों की गैंग सक्रिय है जो कहीं भी जाकर लोगों को पत्रकार का धौंस दिखाकर उन्हें बेवजह परेशान करते हैं तथा जबरन पैसे की वसूली करते हैं। रीवा से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है। दरअसल श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के एसजीएमएच में अपनी सेवाएं दे रहे डॉ. राकेश पटेल की पत्नी निजी अस्पताल संचालित करती हैं। जो विहान हॉस्पिटल के नाम से संचालित है।

अस्पताल को लेकर एक यूट्यूबर के द्वारा हर रोज बेवुनियादी खबर चलाकर डॉ. राकेश पटेल को ब्लैकमेल किया जा रहा है। जिसकी शिकायत विहान हॉस्पिटल की संचालिका कल्पना पटेल ने एसपी विवेक सिंह से की है। शिकायत में अस्पताल प्रबंधन ने कनिष्क तिवारी नाम के यूट्यूबर पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। साथ ही बेबुनियाद खबरें चलाकर विहान हॉस्पिटल और डॉ. राकेश पटेल की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बालू का अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को कुचला

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** जिले के जवा तहसील अंतर्गत अतरैला थाना के कोनी गैस एजेंसी के पास बड़ी दुर्घटना सामने आई है। जहां एक बाइक सवार युवक महिला के साथ कोनीकला गांव से अतरैला की तरफ जा रहा था, तभी अवैध बालू से लोड तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बगल से जा रहे बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी और फरार होगा। हादसे में बाइक सवार आशीष दुबे उर्फ बब्बू पिता राजबिहारी दुबे उम्र 40 वर्ष और बाइक में बैठी महिला बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार सिविल अस्पताल सिरमौर भेजा गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को संजय गांधी अस्पताल रीवा क़े लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल आशीष दुबे की रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं महिला का इलाज संजय गांधी अस्पताल मे चल रहा है।

**ट्रैक्टर पकड़ा, ट्रॉली गायब:** बताया जा रहा है कि अतरैला पुलिस ट्रैक्टर को तो पकड़ कर थाने में खड़ा किया गया है, लेकिन बालू से लोड ट्राली को पुलिस नहीं पकड़ पाई। जिसकी तलाश जारी है। ट्रैक्टर ट्राली ददोल मिश्रा निवासी कोनीकला का बताया जा रहा है।

**ग्रामीणों में आक्रोश:** घटना को लगकर ग्रामीणों का कहना है कि खनिज अधिकारी और समस्त थानों के थाना प्रभारियों की मंथली सेटिंग होने के कारण अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन पर कभी कार्यवाही नहीं होती। जिसके चलते आये दिन हो रहे इस तरह के हादसों में लोगों की जान जा रही है। पुलिस और खनिज अमले में पैसों से मतलब होता है। कार्यवाही न होने की बजह से तराई क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन माफियाओं के हौसले बुलंद है। खनिज विभाग रीवा की खनिज अधिकारी तथा तराई क्षेत्र के सभी थाना के थाना प्रभारी मौत का तमाशा देख रहे हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

## पंचायत सचिव संगठन ने बनाई योजना

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल में जिले भर के पंचायत सचिव एकत्रित होकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर योजना बना रहे हैं। इसके लिए शनिवार को जिला मुख्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव संगठन के पदाधिकारी प्रदेश स्तर से शामिल हुए।

### एनसीएल में हुई राजभाषा पखवाड़े की शुरुआत

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में संचालित भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी एनसीएल में आज से राजभाषा पखवाड़े की शुरुआत हुई। एनसीएल के सिंगरौली स्थित मुख्यालय में उद्घाटन कंपनी के सीएमडी बी साईंराम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने एनसीएल परिवार सहित कंपनी से जुड़े सभी हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा होने के साथ ही देश को एकता और अखंडता के सूत्र में फिर पिरोने का काम भी करती है।आज से 28 सितंबर तक एनसीएल कंपनी में राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस पखवाड़े के दौरान कंपनी में राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार और प्रयोग को बढ़ावा दिए जाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। एनसीएल के सीएमडी ने हिंदी को राष्ट्र की संस्कृति सभ्यता और पहचान का अभिन्न अंग बताते हुए हिंदी को भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम बताया।

## जिला पंजीयक ने सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को उत्तर लेखन और नोट्स बनाने का हुनर सिखाया

### रजिस्ट्रेशन से वंचित छात्र छात्राओं के लिए एक मौका और



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला पंजीयक अभिषेक सिंह बघेल ने सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को उत्तर लेखन और नोट्स बनाने का हुनर सिखाया। जनपद पंचायत सभागार में संचालित निःशुल्क कोचिंग के छात्र-छात्राओं से नोट्स बनाने व आंसर राइटिंग पर उन्होंने विस्तृत चर्चा की।

जिला पंजीयक ने कहा कि पेपर को अंकों के आधार पर डिवाइड कर ले, ना कि प्रश्नों की संख्या के आधार पर। जब पेपर सॉल्व करें, तो यह ध्यान रखें कि मेरा कितने नंबर का पेपर हो चुका है। उत्तर लेखन के लिए समय प्रबंधन बहुत ज्यादा जरूरी है। अभ्यार्थियों को प्रारंभ से ही उत्तर लेखन का अभ्यास करना चाहिए। जिससे परीक्षा में समय प्रबंधन उचित प्रकार से हो जाए और कोई प्रश्न ना छूटे। इसके लिए पुराने वर्षों के उत्तर लिख कर अभ्यास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यार्थी अपनी- अपनी रैंक तय कर लें तथा तैयारी के दौरान हमेशा उसे दिमाग में रखें। मुख्य लक्ष्य के साथ प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करें।

इस दौरान सहायक संचालक निःशुल्क कोचिंग किरण भारती, शिक्षिका दीक्षा लोधी, रुक्मणी करचाम और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

ऐसे इच्छुक अभ्यार्थी जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, वे सुबह 7 से 9 तक (सोमवार से शनिवार) क्लास के समय आकर तुरंत रजिस्ट्रेशन करवा लें। इसी तरह ऐसे अभ्यार्थी जिन्होंने यूपीएससी एवं एमपीपीएससी का मेंस या साक्षात्कार दिया है और स्वेच्छा निःशुल्क सेवाएं देना चाहते हैं, तो कोचिंग समय पर संपर्क कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन व आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निःशुल्क कोचिंग क्लासेस जनपद पंचायत सभागार में निरंतर रूप से संचालित हो रही है।

# संपादकीय

## हिन्दी पखवाड़े के ढकोसले को बंद कीजिए

हिन्दी प्रेमी होने के नाते इस 14 सितंबर को हिन्दी भाषी और हिन्दी के शुभचिंतक गण से अपना पुराना आग्रह दोहराना चाहूंगा कि कृपया हिन्दी दिवस और हिन्दी पखवाड़े के ढकोसले को बंद कर दीजिए। साल में एक बार हिन्दी की आरती उतारने की बजाय 365 दिन हिन्दी का इस्तेमाल कीजिए। राष्ट्रभाषा का नकली दावा और राजभाषा की सरकारी धौंस छोड़कर हिन्दी को अपने तरीके से फलने-फूलने दीजिए। दफ्तरों और अफसरों को हिन्दी अपनाने का आदेश भर मत दीजिए। सरकारी कामकाज के लिए ऐसी हिन्दी गढ़िए जिसे बिना अनुवाद के समझा जा सके। बच्चों को हिन्दी पढने-बोलने के उपदेश मत दीजिए, उनके लिए ऐसी कहानियां लिखिए कि उन्हें हिन्दी का चस्का लग जाए। भाषाओं के संसार में हिन्दी की स्थिति अन्य भाषाओं से अलग है। यह लगातार फैल रही है और साथ-साथ सिकुड़ती भी जा रही है। इसे बोलने-समझने वालों की संख्या और उनके भूगोल का लगातार विस्तार होता जा रहा है। लेकिन इसका उपयोग लगातार सिमटता जा रहा है, भाषा गहरी होने की बजाय छिछली होती जा रही है। अगर अंग्रेजी ज्वालामुखी के गाढ़े लावे की तरह पूरी दुनिया को ढक रही है तो हिन्दी तालाब में पानी पर बिछी काई की पतली-सी परत की तरह धीरे-धीरे फैल रही है। 2011 की जनगणना के मुताबिक देश में 43 प्रतिशत लोग हिन्दी (या भोजपुरी और मारवाड़ी जैसी किसी 'उपभाषा') को अपनी मातृभाषा बताते हैं। अगर इसमें उन लोगों की संख्या जोड़ दी जाए जो अपनी दूसरी या तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी का जिक्र करते हैं तो यह आंकड़ा 57 प्रतिशत था। यह आंकड़ा हर दशक में बढ़ा है और अगली जनगणना तक 60 प्रतिशत के पार जाने की संभावना है। हिन्दी भाषा के इस प्रसार का असली काम सरकारी राजभाषा तंत्र ने नहीं बल्कि हिन्दी सिनेमा, गीत, टी.वी. सीरियल और क्रिकेट कमैंट्री ने किया है। टी.वी. की दुनिया में हिन्दी का जो स्थान था वह सोशल मीडिया आने के बाद भी कमोबेश जारी है। यही नहीं, धीरे-धीरे हिन्दी गैर-हिन्दी भाषियों के बीच सेतु का काम करने लगी है। पहले यह सेना और रेलवे जैसी अखिल भारतीय सेवाओं में होता था, मगर अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर भर्ती करने वाले कॉलेज और यूनिवर्सिटी के युवक-युवतियों में भी देखा जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक संवाद की भाषा के रूप में भी हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ी है।

# गरज रहा भारत का आसमान

**योगेश कुमार गोयल।**

**'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अयास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने में अयास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अयास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है, जो भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।**



भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस 'वॉर एक्सरसाइज' में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में 'तिरंगा' बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये उसे निहारता ही रह गया। 'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को तो जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। 'तरंग शक्ति' के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रायल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा. जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। 'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले सभी देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना, उन्हें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और परिचालन समन्वय में सुधार करने में सक्षम बनाना है। 'तरंग शक्ति' में उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के अलावा रक्षा प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं और वायु अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों के रक्षाकर्मी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों का दौरा भी करेंगे। 'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'रेड फ्लैग' अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है। करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास 'रेड फ्लैग 2024' के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था। इन आयोजित मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स एंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज युद्ध अभ्यास शामिल थे। अमेरिका द्वारा 'रेड फ्लैग' अभ्यास वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है और इसके दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना के अलावा सिंगापुर वायुसेना, ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स, रॉयल नीदरलैंड्स वायुसेना और जर्मन लूफ्टवाफे ने भी हिस्सा लिया था। भारतीय वायुसेना ने रेड फ्लैग में पहली बार 8 राफेल लड़ाकू विमान तैनात किए थे, जिन्हें ट्रान्साटलांटिक यात्रा के लिए आईएल-78 मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ-साथ सी-17 ग्लोबमास्टर विमान की भी सहायता मिली थी। भारतीय वायुसेना द्वारा इससे पहले 1 से 10 अप्रैल 2024 तक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए 10 दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास 'गगन शक्ति-2024' भी आयोजित किया जा चुका है, जिसमें देश के सभी वायुसेना स्टेशन बारी-बारी से शामिल हुए थे। उस युद्धाभ्यास में करीब 11 हजार वायु सैनिकों ने हिस्सा लिया था। 'गगन शक्ति-2024' में चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयारी का परीक्षण भी किया गया था। उस हवाई सैन्य अभ्यास में तेजस, राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिराज 2000, चिनूक, अपाचे, प्रचंड, ट्रांसपोर्ट विमान ग्लोबमास्टर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलस, सी-295 ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था। उस दस दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास में केवल भारतीय वायुसेना के ही सभी वायुसेना स्टेशन शामिल हुए थे जबकि 'तरंग शक्ति' में दुनिया के कुछ प्रमुख देश भारतीय वायुसेना के साथ हिस्सा ले रहे हैं। बहरहाल, 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास की मेजबानी करके भारत का लक्ष्य रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाना और अंतर्राष्ट्रीय रक्षा में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तरंग शक्ति वायु अभ्यास के साथ भारत की रक्षा कूटनीति में उल्लेखनीय प्रगति होगी। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास के आयोजन का सबसे बड़ा लाभ यही है कि यह अभ्यास इसमें शामिल रहे देशों की वायु सेनाओं के बीच न केवल व्यावसायिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा बल्कि आधुनिक हवाई युद्ध तकनीकों में सीखने और सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करेगा। 'तरंग शक्ति' के आयोजन से भाग लेने वाले देशों के बीच लाभकारी संपर्क और सहयोग को बढ़ावा मिलने से भविष्य के रक्षा गठबंधनों का भी निर्माण होगा। 'तरंग शक्ति' अभ्यास के आयोजन का उद्देश्य उन मित्र देशों को एक साथ लाना है, जिनके साथ भारतीय वायुसेना नियमित रूप से बातचीत करती है और जिनके बीच एक निश्चित सीमा तक अंतर-संचालन क्षमता है।

# हिंदी-राजभाषा, राष्ट्रभाषा और विश्वभाषा

**प्रो. संजय द्विवेदी**

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है। आज देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। देश की राजभाषा हिंदी होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए भारत सरकार का प्रयास है कि हिंदी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने हेतु भारत




सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करना अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है। राजभाषा विभाग द्वारा वेब आधारित सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा अन्य रिपोर्टें राजभाषा विभाग को त्वरित गति से भिजवाना आसान हो गया है। सभी मंत्रालयों और विभागों ने अपनी वेबसाइटें हिंदी में भी तैयार कर ली हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को हिंदी में मिलने से गरीब, पिछड़े और कमजोर वर्ग के लोग भी लाभान्वित होते हुए देश की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। देश की स्वतंत्रता से लेकर हिंदी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिंदी तथा प्रांतीय भाषाओं के माध्यम से हम बेहतर जन सुविधाएं लोगों तक पहुंचा सकते हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय द्वारा 'विश्व हिंदी सम्मेलन' और अन्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा 'प्रवासी भारतीय दिवस' मनाया जाता है, जिसमें विश्व भर में रहने वाले प्रवासी भारतीय भाग लेते हैं। विदेशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम से भारतीय मूल्यों का विश्व में और अधिक विस्तार हो रहा है। विश्वभर में करोड़ों की संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को एक नई पहचान मिली है। भारतीय विचार और संस्कृति का वाहक होने का श्रेय हिंदी को ही जाता है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में देश की एकता का सूत्र है। सभी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। हिंदी जन-आंदोलनों की भी भाषा रही है। हिंदी के महत्त्व को गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने बड़े सुंदर रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी। हिंदी के इसी महत्व को देखते हुए तकनीकी कंपनियां इस भाषा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। यह खुशी की बात है कि सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी का इस्तेमाल बढ़ रहा है। आज वैश्वीकरण के दौर में, हिंदी विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा बनकर उभरी है। आज पूरी दुनिया में 260 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकें बड़े पैमाने पर हिंदी में लिखी जा रही हैं। सोशल मीडिया और संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। भाषा का विकास उसके साहित्य पर निर्भर करता है। आज के तकनीकी के युग में विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी हिंदी में काम को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि देश की प्रगति में ग्रामीण जनसंख्या सहित सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके लिए यह अनिवार्य है कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीकी ज्ञान से संबंधित साहित्य का सरल अनुवाद किया जाए। इसके लिए राजभाषा विभाग ने सरल हिंदी शब्दावली भी तैयार की है। राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय ज्ञान-विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन योजना के द्वारा हिंदी में ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकों के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे हमारे विद्यार्थियों को ज्ञान-विज्ञान संबंधी पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध होंगी। हिंदी भाषा के माध्यम से शिक्षित युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें, इस दिशा में निरंतर प्रयास भी जरूरी है। भाषा वही जीवित रहती है, जिसका प्रयोग जनता करती है। भारत में लोगों के बीच संवाद का सबसे बेहतर माध्यम हिंदी है। इसलिए इसको एक-दूसरे में प्रचारित करना चाहिये। हिंदी भाषा के प्रसार से पूरे देश में एकता की भावना और मजबूत होगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के माध्यम से हम हिंदी के संपर्क भाषा और राजभाषा, दोनों रूपों की तरक्की में बेहतर योगदान कर पाएंगे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर होगी कड़ी कार्यवाही : सीएमएचओ





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 13 सितंबर 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ अविनाश खरे और जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) डॉ पुष्पेंद्र सोनी ने की। बैठक में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, विकासखण्ड स्तर के सभी बीएमओ, बीपीएम, बीएएम, बीईई, और महिला-पुरुष सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

सीएमएचओ डॉ अविनाश खरे ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए तत्काल कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने 'हिम्स' और 'यूविन' पोर्टलों पर अपलोडिंग कार्यों की भी समीक्षा की और जहां खामियां पाई गईं, उन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुष्मान कार्ड का 100% निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कम उपलब्धि वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने और कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही, सिकलसेल की जांच की प्रवृत्ति और इसकी जानकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

सीएमएचओ ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन और कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, आरसीएच (रिप्रोडक्टिव चाइल्ड हेल्थ) कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीकरण और चार जांचों की जानकारी प्राप्त की।

टीकाकरण के मामले में कोई भी बच्चा वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जो बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं, उन्हें भी जल्द टीका लगाने का निर्देश दिया गया। ड्रॉप आउट और लेफ्ट आउट बच्चों की पहचान करके उन्हें भी टीकाकरण से आच्छादित करने की जरूरत पर बल दिया गया। युविन पोर्टल पर एंट्री समय से पूरी करने के भी निर्देश दिए गए।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ पुष्पेंद्र ने एनसीडी कार्यक्रम (गैर-संचारी रोग) के तहत मुख, स्तन और गर्भाशय कैंसर की कम स्क्रीनिंग पर नाराजगी जताई और संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करें और इसे पोर्टल पर दर्ज करें। लंबित स्क्रीनिंग कार्यों को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मौसमी बीमारियों, जैसे डायरिया और स्वाइन फ्लू, को ध्यान में रखते हुए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ ने बताया कि अब एमसीबी में डिलीवरी और इमरजेंसी सर्जरी के मामलों के लिए सर्जन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सभी स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारी, ब्लॉक स्तर के बीएमओ और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 लाख का गांजा जब्त

### ओडिशा से लेकर राजस्थान जा रहा था तस्कर, पुलिस को देखकर भागा, टीम ने दौड़ाकर पकड़ा




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में सरप्राइज चेकिंग के दौरान पुलिस ने 10 लाख रुपए के गांजे समेत 21 लाख का मशरुका जब्त किया है। बताया जा रहा है कि हरियाणा पासिंग कार से यह गांजा जब्त किया गया। पूरा मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, रतनपुर टीआई रजनीश सिंह शुक्रवार की सुबह गौरेला पेंड्रा मार्ग पर फारेस्ट बेरियर के पास बैरिकेड लगाकर वाहनों की चेंकिग कर रहे थे, तभी तकरीबन 11 बजे गांजा तस्कर राजेश शर्मा को पकड़ा है।

**कार छोड़ कर जंगल की ओर भागने लगा:** एडिशनल एसपी अर्चना झा ने बताया कि चेकिंग के दौरान जैसे ही पुलिस कांस्टेबलों ने हरियाणा पासिंग की वाइट कलर की कार क्रमांक क्रमांक एचआर 51 एएम 8554 को देखा। उन्होंने जांच के लिए उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस से बचने के लिए गांजा तस्कर तेज रफ्तार से कार गौरेला पेंड्रा मार्ग की ओर दौड़ा दिया। रतनपुर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

**आरोपियों को पकड़ने बनाई 2 टीम:** पुलिस ने बताया कि राजस्थानी निवासी आरोपी राजेश शर्मा (38) ओडिशा के गजपति जिले के पहाड़ी गांव मोहना से गांजा लेकर राजस्थान जा रहा था। पुलिस इस मामले में एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन कर रही है। इसीलिए गांजा बेचने और खरीदने वाले दोनों को पकड़ने के लिए दो टीमें ओडिशा और राजस्थान भेजी गई है।

**खाकी रंग के टेप में लपेट कर रखा था:** पुलिस ने कार से 21 पैकेट में 101 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। साथ ही कार और तीन मोबाइल की जब्ती की है। आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस रेड में उपनिरीक्षक मेलाराम कठोतिया, आरक्षक दुर्गेश प्रजापति, आरक्षक महेंद्र नेताम शामिल थे।

## युवक को किडनैप कर बेदम पीटा

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में कुछ बदमाशों ने एक युवक को दिनदहाड़े चाकू की नोक पर किडनैप कर लिया। युवक को कार में भरकर गांव से दूर इंडस्ट्रियल एरिया ले गए। यहां उसे बुरी तरह पीटा। इसी दौरान वहां डायल 112 की टीम पहुंची, तो आरोपी कार छोड़कर भागे। मामला पुरानी भिलाई थाना के उमदा क्षेत्र का है।

पुरानी भिलाई पुलिस के मुताबिक 11 सितंबर की रात 10 बजे के करीब आरोपी हेमन्त चंद्राकर उर्फ भोला अपने जीजा के साथ बाइक से उम्दा बस्ती गया था। दोनों शराब के नशे में थे, जिससे हादसे का शिकार हो गए और सड़क पर गिर गए। ऐसे में वह नशे की हालत में गांव वालों को गाली गलौज करने लगे।

## 6 महीने के बच्चे का अपहरण, आदिवासी-समाज ने बंद कराया दंतेवाड़ा

### 14 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, पिता को शराब लाने भेजकर किडनैपिंग



**मीडिया ऑडीटर, दंतेवाड़ा निप्र।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 6 महीने के बच्चे की किडनैपिंग केस में पुलिस के हाथ खाली हैं। 1 सितंबर 2024 को पोंदुम गांव से घर के बाहर झूले से बच्चे का 2 युवकों ने अपहरण कर लिया है। इसे लेकर आदिवासी समाज ने दंतेवाड़ा जिला बंद करवाया है। बताया जा रहा है कि पिता को शराब के लिए भेजकर बच्चे का किडनैप कर लिया।

बंद का असर दंतेवाड़ा जिले के चार ब्लॉक दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण और बचेली पर पड़ा है। सभी जगह व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हैं और मेडिकल सेवाएं खुली हैं। बस समेत यात्री वाहन चल रहे हैं। व्यापारी संगठन ने भी बंद का समर्थन किया है। आदिवासी समाज जिला मुख्यालय में रैली निकालकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

**आरोप - पुलिस ने समय पर नहीं लिया एक्शन:** समाज के जिला अध्यक्ष महादेव नेताम का कहना है कि जिस दिन बच्चे का अपहरण हुआ, उसी समय घटना के आधे घंटे के अंदर परिजनों ने फोन से पुलिस को सूचना दी थी। 1 घंटे के बाद परिजन और ग्रामीण खुद सिटी कोतवाली पहुंच गए थे, लेकिन पुलिस ने अपना ढीला रवैया अपनाया।

**आदिवासी नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी:** महादेव नेताम ने कहा कि पुलिस चाहती तो खबर मिलते ही आरोपियों को पकड़ लेती। पुलिस ने अगले दिन यानी 2 सितंबर की सुबह 10:40 बजे एफआईआर दर्ज की है। हमने मांग की है कि पुलिस अधिकारी को निलंबित किया जाए। उनके खिलाफ जांच बिठाई जाए। पुलिस जल्द ही इस मामले को नहीं सुलझाती है तो आज बंद के बाद फिर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**क्या था मामला:** दरअसल, बाइक सवार दो युवक रविवार 1 सितंबर की शाम पोंदुम गांव पहुंचे थे। दोनों हेलमेट पहने हुए थे। यहां बाजार पारा में स्थित सड़क के किनारे ग्रामीण हिड़मू के घर के पास रुके। उसके घर के बाहर झूले में 6 महीने का बच्चा सोया हुआ था। साथ ही 2 बच्चे पास में खेल रहे थे। दोनों युवक वहां रुके। उन्होंने बच्चे के पिता हिड़मू से देसी शराब कहां मिलती है पूछा।

**100 देकर बच्चा उठा ले गए किडनैपर:** इस दौरान बच्चे के पिता ने बताया कि आगे वाले मोहल्ले में शराब मिलेगी। युवकों ने उनसे लाने को कहा। 100 रुपए देकर शराब लाने भेजा। हिड़मू शराब लेने चला गया। कुछ दूर जाने के बाद एक युवक ने बाइक स्टार्ट की, दूसरे ने झूले से बच्चे को उठा लिया और लेकर फरार हो गए।

बच्चे के पिता ने बताया कि पीछे से पिता चिल्लाते रहे, लेकिन दोनों नहीं रुके। इसके बाद गांव के ग्रामीण एक जगह जमा हुए। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। अब ग्रामीण और आदिवासी समाज में आक्रोश का माहौल है।

## महिला को कुल्हाड़ी से काट डाला

### खेत में खून से लथपथ मिली लाश, गांव के ही व्यक्ति ने सिर पर मारा



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा में शनिवार को एक महिला को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि धान के खेत में मारा गया है। खेत में निशान मिले हैं। गांव के रहने वाले युवक ने वारदात को अंजाम दिया है। मामला सीतापुर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी मुताबिक ग्राम वंदना हाईस्कूल के पास रहने वाली 35 वर्षीय कांति पैकरा शाम 4 बजे अपने खेत मे घास काटने गई थी। इसी दौरान गांव का पंचुराम मांझी (55) हाथ मे टांगी लिए लकड़ी काटने जंगल की ओर जा रहा था।

**कुल्हाड़ी से महिला के सिर पर हमला:** इस दौरान जंगल जाने के दौरान वह महिला के खेत के पास से होकर गुजर रहा था, तभी उसके हाथ में टांगी देख महिला तेज आवाज में उससे पूछताछ करने लगी। पंचुराम को यह बात नागवार गुजरी। उसने आव देखा न ताव कुल्हाड़ी से महिला के सिर पर हमला कर दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

**पत्नी खून से लथपथ मरी पड़ी थी:** बताया जा रहा है कि अंधेरा होने के बाद भी महिला घर नहीं पहुंची। परिजनों को उसकी चिंता होने लगी। परेशान पति सुकरित तलाश करते हुए खेत पहुंचा। जहां उसने टॉर्च जलाकर खेत देखा तो पत्नी खून से लथपथ मरी पड़ी थी। उसने आनन-फानन में अपने परिजनों को पत्नी की हत्या के बारे में जानकारी दी।

**पंचुराम मांझी को गिरफ्तार कर लिया गया:** इसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को भी जानकारी दी। देर रात पुलिस मौके पर पहुंची। शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं वारदात में इस्तेमाल कुल्हाड़ी को जब्त कर लिया गया है। साथ ही आरोपी पंचुराम मांझी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल:** पुलिस ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

## छात्राओं को धमकाने वाली तहसीलदार का ट्रांसफर

### हाईकोर्ट ने भी मांगी जानकारी, कलेक्टर का जवाब- शार्ट आउट हो गया है मामला, सीएम कांफ्रेस का साइड इफेक्ट



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छात्राओं को जेल भेजने की धमकी देने वाली तहसीलदार माया अंचल लहरे का तबादला नक्सल क्षेत्र में किया गया है। इधर, हाईकोर्ट ने भी इस मामले में कलेक्टर से जानकारी मांगी है, जिसके जवाब में मामला शॉर्ट आउट होने की जानकारी दी गई है। सीएम कांफ्रेस के बाद प्रदेश भर के तहसीलदारों का ट्रांसफर आदेश जारी हुआ है, इसमें बिलासपुर जिले के छह तहसीलदार भी शामिल हैं।

स्कूली छात्राओं को जेल भेजने की धमकी को लेकर जहां प्रदेश भर में बवाल मचा हुआ है। इस मामले का वीडियो वायरल होने के बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने अफसरशाही को लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। वहीं दो दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी कलेक्टर कांफ्रेस में अफसरों को अपने बर्ताव में सुधार लाने कहा था। उन्होंने राजस्व अफसरों पर कलेक्टर्स को निगरानी रखने के निर्देश भी दिए हैं।

**छात्राओं को धमकाने वाली तहसीलदार भेजी गई नक्सल क्षेत्र:** प्रदेश भर में तहसीदारों के तबादले का असर बिलासपुर में भी हुआ है। शासन ने जिले के 6 तहसीलदारों का ट्रांसफर आदेश जारी किया है, जिसमें छात्राओं को धमकाने वाली तहसीलदार माया अंचल लहरे को उत्तर बस्तर कांकेर भेजा गया है। इसी तरह बिलासपुर तहसीलदार अतुल वैष्णव का तबादला मुंगेली तहसील में किया गया है। तहसीलदार शशिभूषण सोनी जांजगीर-चांपा, तहसीलदार प्रांजल मिश्रा जशपुर, तहसीलदार सिद्धि गबेल का तबादला बलरामपुर-रामानुगंज किया गया है। वहीं तहसीलदार अभिषेक राठौर को नारायणपुर भेजा गया है। दूसरी जगहों से नए तहसीलदार भी बिलासपुर में नई पदस्थापना में आए हैं। इनमें तहसीलदार सुभाष कुमार शुक्ला पटवारी प्रशिक्षण शाला व राजेंद्र भारत को बिलासपुर में नई पदस्थापना दी गई है। तहसीलदार डा. जयंती देवांगन को भी बिलासपुर में नई पदस्थापना दी गई है।

**कलेक्टर ने हाईकोर्ट में दिया जवाब- शार्ट आउट हो गया है मामला:** स्कूली छात्राओं को जेल भेजने की धमकी देने को लेकर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई की। जिस पर कलेक्टर ने शपथपत्र देकर बताया कि यह मामला शार्ट आउट हो गया है और छात्राओं की समस्या दूर कर ली गई है। छात्राओं को आंदोलन और चक्काजाम करने के लिए हस्थ्ढ और युवक कांग्रेस के युवकों ने भड़काया था, जिस पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। लेकिन, उन्होंने छात्राओं को धमकाने वाली तहसीदार के संबंध में कुछ नहीं बताया। दरअसल, तहसीलदार के खिलाफ जिला प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

## बड़े भाई ने छोटे भाई को मार डाला

**मीडिया ऑडीटर, राजनांदगांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को मार डाला। बताया जा रहा है युवक नशे में धुत रहता था। परिवार में आए दिन लड़ाई झगड़ा करता था, जिससे तंग आकर भाई ने गला घोंट दिया। मामला छुरिया पुलिस थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम खेमू साहू है। वहीं आरोपी भाई का नाम महेंद्र साहू (32) साहू। हत्या की वारदात को छिपाने के लिए आरोपी ने साजिश भी रची। ज्यादा शराब पीने से बहोश हो गया कहकर अस्पताल में भर्ती करा दिया, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सच सामने आ गया।

## फ्री फायर गेम ने ली बच्चे की जान

### 16 साल के लड़के ने लगाई फांसी, महीनेभर में 4 बच्चों ने किया सुसाइड



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक 16 साल के लड़के ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि उसे ऑनलाइन फ्री फायर गेम खेलने की लत थी। उसी में पूरा दिन लगा रहता था। इसी की वजह से डिप्रेशन में था। मामला कोटा थाना क्षेत्र के बेलगहना चौकी का है। महीने भर में 4 बच्चे मोबाइल के लिए खुदकुशी कर चुके हैं। मिली जानकारी के मुताबिक नाबालिग का नाम रवि कुमार तिर्की है, जो करही कछार गांव का रहने वाले था। बताया जा रहा है कि लाश घर से डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में मिली है। यहां पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटकी हुई थी।

**मानसिक दबाव में आने से गई जान:** मृतक रवि के पिता दादूराम तिर्की ने बताया कि बेटे ने कक्षा 6वीं तक की पढ़ाई की थी। आर्थिक तंगी के कारण आगे की पढ़ाई नहीं करा सके। बेटा घर पर ही रहता था। फ्री फायर गेम खेलते रहता था। मानसिक दबाव में आकर ऐसा कदम उठाया होगा।

**पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा:** ग्रामीण एडिशनल एसपी अर्चना झा ने बताया कि जंगल से लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक सुसाइड लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला साफ हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मोबाइल के लिए एक माह में 4 बच्चों ने दी जान:** छत्तीसगढ़ में मोबाइल की जिद पूरी नहीं होने पर पिछले एक माह में 4 बच्चे अपनी जान दे चुके हैं। चारों ही मामलों में बच्चे अपने पेरेंट्स से मोबाइल और उसमें गेम खेलने की डिमांड करते थे। विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों की मोबाइल की लत उनके मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा बनती जा रही है।

## कर्मा पर्व : जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक मान्यताएँ का पर्व



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कर्मा पर्व भारतीय जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक मान्यताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका सीधा संबंध कृषि, पर्यावरण और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने से है। मध्य भारत के आदिवासी समाज विशेष रूप से छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के जनजातीय समुदायों द्वारा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाए जाने वाला यह पर्व फसल के कटाई के समय कृषि के प्रति सम्मान और समृद्धि की प्रार्थना का अवसर होता है। इस लेख में, हम कर्मा पर्व की उत्पत्ति, इसका सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व, जनजातीय परंपराओं, तथा इस पर्व को मनाने की विभिन्न विधियों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

**कर्मा पर्व की उत्पत्ति और धार्मिक मान्यताएँ:** कर्मा पर्व की उत्पत्ति मुख्यत कृषि और प्रकृति के प्रति आदिवासी समाजों की गहरी श्रद्धा और आस्था से जुड़ी है। ''कमा'' शब्द का तात्पर्य कर्म (परिश्रम) और कर्म (भाग्य) से है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि मनुष्य अपने कर्मों द्वारा सफलता प्राप्त करें और साथ ही भाग्य भी उसका साथ दे। कर्मा को एक लोक देवता के रूप में पूजा जाता है, जो कृषि, फसल की वृद्धि और प्राकृतिक समृद्धि का प्रतीक होते हैं। यह पर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इस दिन जनजातीय समाज विशेष रूप से करम देवता की पूजा करता है, जिनसे वे फसलों की समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना करते हैं। कर्मा देवता की पूजा के दौरान गांव के बैगा (पुजारी) द्वारा कर्म राजा की कथा सुनाई जाती है, जो कर्मा पर्व के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को और भी बढ़ाती है। पूजा के उपरांत करमा नृत्य का आयोजन किया जाता है, जिसमें महिलाएँ और पुरुष सामूहिक रूप से नृत्य करते हैं।

कर्मा पर्व की शुरुआत करम वृक्ष की एक डाली को गांव के प्रमुख व्यक्ति के आँगन में गाड़कर की जाती है। इस डाली को करम देवता का प्रतीक माना जाता है और उसकी विधिवत पूजा की जाती है। महिलाएं इस पर्व की तैयारी तीजा पर्व के दिन से ही शुरू कर देती हैं। वे टोकरी में जौ, गेहूँ, मक्का, धान और अन्य फसलों के बीज बोती हैं, जिसे ''जाईं'' कहा जाता है। यह जाईं करमा पर्व के दिन तक विकसित हो जाता है और इसी के साथ करम देवता की पूजा की जाती है। पूजा के दौरान, इस जाईं को फूलों से सजाया जाता है और उसमें एक खीरा रखकर करम देवता को अर्पित किया जाता है। पूजा के बाद रातभर करम देवता के चारों ओर करमा नृत्य किया जाता है। महिलाएं गोल घेरे में श्रृंखला बनाकर नृत्य करती हैं, जबकि पुरुष गायक, वादक और नर्तक उनके बीच होते हैं।करमा नृत्य के दौरान मांदर, झाँझ, मोहरी (शहनाई) जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है। सूर्योदय से पहले करम देवता का विसर्जन किया जाता है, जो इस पर्व का समापन संकेत करता है।

मध्य भारत के गोंड, संथाल, मुंडा, हो जैसी जनजातियाँ कर्मा पर्व को विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं। इन समुदायों में कर्मा पूजा के दौरान पारंपरिक नृत्य और गीतों का आयोजन किया जाता है। लोग रंग-बिरंगे वस्त्र पहनते हैं और सामूहिक रूप से नृत्य करते हैं। गोंड जनजाति में, करम देवता की छवि को पवित्र स्थल पर स्थापित किया जाता है और उसकी पूजा की जाती है। झारखंड के साथ छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के आदिवासी समुदाय एवं अन्य समुदाय के लोग इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। छत्तीसगढ़ की बात करे तो सबसे ज्यादा सरगुजा और कोरबा संभाग बड़े हो धूमधाम से मनाते है, यहां करम देवता की पूजा फसलों की सुरक्षा और गांव की समृद्धि के लिए की जाती है । इस करमा पर्व को उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के जनजातीय समुदाय भी इस पर्व को अपने अनूठे तरीके से मनाते हैं। इन क्षेत्रों में कर्मा पर्व के दौरान पशु बलि की परंपरा है, जो समाज की धार्मिक मान्यताओं का प्रतीक है। यहां भी पारंपरिक नृत्य, गीत और विशेष भोज का आयोजन किया जाता है, जो सामूहिक एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है।

## कोलकाता में ब्लास्ट, एक घायल

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता में शनिवार (14 सितंबर) दोपहर 1:45 बजे ब्लोचमैन स्ट्रीट और एसएन बनर्जी रोड के बीच ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट में एक घायल है। उसकी पहचान 54 साल के बीपा दास के रूप में हुई, जो कूड़ा बीनता है। उसने जैसे ही कूड़े से एक बैग उठाया उसमें धमाका हो गया। विस्फोट के चलते उसके हाथ में गंभीर चोट लगी। कई उंगलियां भी अलग हो गईं। फिलहाल मौके पर बम डिटेक्शन और डिस्पोजल स्क्वॉड पहुंचा है। टीम ने वहां रखे एक बैग की जांच-पड़ताल की। फिलहाल ट्रैफिक को फिर से चालू कर दिया गया। चश्मदीद बोला- धमाके की आवाज बहुत तेज थी घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने कहा- जब विस्फोट हुआ, तब हम पास ही खड़े थे। हम तुरंत मौके पर पहुंचे और देखा कि एक कूड़ा बीनने वाला व्यक्ति जमीन पर पड़ा हुआ था। उस व्यक्ति की दाहिनी कलाई पर चोट लगी थी। विस्फोट की आवाज बहुत तेज थी।

## पहाड़ी इलाकों में दौड़ेगा भारत में बना हल्का टैंकर

**जैसलमेर ( एजेंसी )।** भारत में बने लाइट टैंक जोरावर के जैसलमेर में सफल परीक्षण किए गए। ये टैंक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। हल्का होने के कारण जोरावर पहाड़ी इलाकों में बहुत तेजी से चल सकता है। रेगिस्तानी इलाकों में शुक्रवार को किए गए फील्ड टेस्ट के दौरान लाइट टैंक ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए सभी टारगेट को पूरा किया। प्रारंभिक चरण में टैंक के फायरिंग प्रदर्शन का कड़ाई से मूल्यांकन किया गया और इसने दिए गए लक्ष्यों पर आवश्यक सटीकता हासिल की। जोरावर टैंक को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की इकाई, लड़ाकू वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (सीवीआरडीई) ने लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के सहयोग से सफलतापूर्वक विकसित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय लाइट टैंक के सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और सभी एसोशिएट भागीदारों की सराहना की है। लाइट वेट जोरावर टैंक को लद्दाख जैसे हाई एल्टिट्यूड वाले इलाकों में तैनात किया जाएगा।

## हिमाचल का बेटा जम्मू-कश्मीर में शहीद

**हमीरपुर ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला से ताल्लुक रखने वाले सिपाही अरविंद सिंह (27) जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ से 45 किलोमीटर दूर छात्रु इलाके में शहीद हो गए हैं। आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में अरविंद के अलावा एक अन्य सिपाही भी शहीद हुआ है। अरविंद हमीरपुर के हथोल (घनेटा) गांव का निवासी था। अरविंद के बलिदान होने की सूचना मिलते ही पैतृक गांव में मातम छा गया है। छात्रू इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के कुल दो जवान शहीद हो गए। इसके अलावा मुठभेड़ में दो अन्य गंभीर घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर के कमान अस्पताल पहुंचाया गया है। बलिदानी जवानों की पहचान व्हाइट नाइट कोर के नायब सूबेदार विपिन कुमार व सिपाही अरविंद सिंह के रूप में हुई है। अरविंद हमीरपुर जिला के हथोल गांव का निवासी है। धनेटा के साथ लगने वाले इस इलाके में यह सूचना मिलते ही शोक की लहर छा गई है। शहीद का पार्थिव शरीर आज शाम तक पालमपुर पहुंचेगा और राजकीय सम्मान के साथ रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# हरियाणा में मोदी बोले- कांग्रेस अर्बन नक्सल का नया रूप

**कुरुक्षेत्र ( एजेंसी )।** हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में पहली रैली की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही (गांधी) परिवार आरक्षण को खत्म करने वाला है। मगर, जब तक मोदी है, आरक्षण की रत्ती भर भी लूट नहीं होने दूंगा। पीएम ने हरियाणा के लोगों को चेताया कि अगर यहां कांग्रेस की सरकार आई तो इसकी हालत भी हिमाचल जैसी हो जाएगी। जहां सरकार के पास कर्मचारियों को सैलरी देने के पैसे नहीं हैं। यहां तक कि सीएम और मंत्रियों को अपनी सैलरी छोड़नी पड़ रही है। किसानों के मुद्दे पर पीएम ने कहा कि कांग्रेस देश को गुमराह कर रही है। उन्होंने कांग्रेस को चैलेंज दिया कि वे कर्नाटक और तेलंगाना में इन स्कीमों को लागू करें। मोदी ने कहा कि



तेलंगाना में कुछ ही महीनों में 1200 किसान खुदकुशी कर चुके हैं। कांग्रेस के लोगों को डूब मरना चाहिए। उनके मुंह में किसानों की मौत का पाप है। हरियाणा में भाजपा सरकार 24 फसलों पर रस्क दे रही है। इस रैली में हरियाणा की जीटी रोड बेल्ट पर लगते 6 जिलों की 23 विधानसभा सीटों के उम्मीदवार भी मौजूद रहे। ये करनाल, कुरूक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर और कैथल के थे। हरियाणा चुनाव को लेकर 12 सितंबर को नामांकन खत्म हो चुके हैं। अब 5 अक्टूबर को वोटिंग और 8 अक्टूबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा हरियाणा से बेहतर कौन जानता है। हरियाणा में जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है तो दलितों का जीना मुश्किल हो जाता है। 2005 में गोहाना में कितना बड़ा कांड हुआ, मिर्चपुर कांड हुआ। 2012 में जो हुआ, उसे याद करके रूह कांप जाती है। तब मैंने यह कहा था कि दिल्ली के शाही परिवार और पूर्व सीएम हुड्?डा के मुंह पर ताले गए थे। मैं एक और बात बताऊंगा, कांग्रेस में एक अंदरूनी महाभारत चल रही है। जिस तरह यहां एक परिवार को आगे बढ़ाकर कांग्रेस राजनीति कर रही है, वह पूरा दलित समाज देख रहा है। भाजपा की सरकार पूरी ईमानदारी से लोगों के विकास में जुटी हुई है। जब यहां कांग्रेस की सरकार थी, तब खर्ची और पर्ची के बिना नौकरी नहीं मिलती थी। भाजपा ने इस खेल को खत्म कर दिया है। इसकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। भाजपा की सरकार ने पूरी ईमानदारी से डेढ़ लाख नौकरियां दीं। हमारे मुख्यमंत्री 25 हजार और नौकरियां देने जा रहे हैं, लेकिन हरियाणा कांग्रेस के भर्ती रोकों गैंग ने अड़ंगा लगा दिया। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार आने का मतलब है कि सबका साथ सबका विकास।

## कोलकाता रेप-मर्डर, 15 डॉक्टर्स सीएम आवास मिलने पहुंचे

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के आरजी कर कॉलेज और हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले पर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर आज शाम 6:30 बजे सीएम आवास पहुंचे। 15 डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल ममता बनर्जी से मुलाकात कर रहा है। सीएम और डॉक्टरों के बीच पांच घंटे में यह दूसरी मुलाकात है। दोपहर 1:30 बजे के करीब ममता स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों से खुद मिलने पहुंचीं थी। डॉक्टर्स 10 सितंबर से यहां प्रदर्शन पर बैठे हैं। ममता ने डॉक्टरों से कहा, %मेरा पद नहीं, लोगों का पद बड़ा है। मैं मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि आपकी दीदी बनकर आपसे मिलने आई हूं। आप काम पर लौटिए, मैं मांगों पर विचार करूंगी। सीबीआई से कहूंगी कि दोषियों को फांसी दी जाए। मैं आपके प्रदर्शन को सलाम करती हूं। आपके साथ अन्याय नहीं होने दूंगी। ममता ने आगे कहा कि यह मेरी तरफ से बातचीत की आखिरी कोशिश है। आपके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, क्योंकि मैं लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाने में विश्वास नहीं करती। ममता ने राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों की रोगी कल्याण समितियों



को भंग करने की भी घोषणा की। ममता अब तक तीन बार डॉक्टरों से बैठकर बातचीत की पहल कर चुकी हैं। डॉक्टरों ने उनके तीनों प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। उनकी 5 मांगें हैं। उन्होंने सरकार से बातचीत के लिए 4 शर्तें भी रखी हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर्स 36 दिनों से हड़ताल पर हैं। 10 सितंबर– डॉक्टरों ने पुलिस मुख्यालय से स्वास्थ्य भवन तक मार्च निकाला। ममता सरकार ने शाम 5 बजे डॉक्टरों को मीटिंग के लिए नबन्ना सचिवालय बुलाया।

## सीतारमण से कारोबारी ने माफी मांगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से रेस्टोरेंट मालिक के माफी मांगने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। 11 सितंबर को कोयंबटूर में एक प्रोग्राम में होटल मालिक श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से जीएसटी की वजह से आ रही दिक्कतों पर सवाल किया था। साथ ही उन्होंने मिठाई और नमकीन पर एक समान त्रस्ज्ञ लगाने की अपील की थी। इसके कुछ देर बाद एक वीडियो सामने आया, जिसमें वित्त मंत्री से होटल मालिक माफी मांग रहे थे। श्रीनिवासन को वीडियो में यह कहते हुए सुना गया कि मुझे मेरी बातों के लिए माफ कर दीजिए। मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं हूं। इस मामले में विपक्षी नेता वित्त मंत्री की आलोचना कर रहे हैं।

1. जीएसटी को लेकर वित्त मंत्री से होटल मालिक का सवाल तमिलनाडु के कोयंबटूर में 11 सितंबर को वित्त मंत्री ने होटल व्यवसायियों के साथ बैठक की। इसमें मशहूर होटल चेन श्री अन्नपूर्णा के मालिक श्रीनिवासन भी शामिल हुए थे। उन्होंने वित्त मंत्री से खाने वाले सामानों पर लग रही अलग-अलग त्रस्ज्ञ दरों पर चिंता जताई। श्रीनिवासन ने कहा कि क्रीम से भरे बन पर 18 प्रतिशत टैक्स लगता है, जबकि सादे बन पर त्रस्ज्ञ नहीं लगता है। कस्टमर कहते हैं कि आप सादा बन दीजिए, हम क्रीम खुद भर लेंगे। श्रीनिवासन ने यह भी कहा, सरकार ने मिठाइयों पर 5 प्रतिशत और नमकीन पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया है, क्योंकि उत्तर में लोग मिठाइयां ज्यादा खाते हैं। तमिलनाडु में अक्सर मिठाई, नमकीन और कॉफी का सेवन एकसाथ किया जाता है।

## मेरठ में तीन मंजिला मकान गिरा, 10 लोग दबे



**मेरठ ( एजेंसी )।** मेरठ तीन मंजिला मकान गिर गया। मलबे में एक ही परिवार के 10 लोग दब गए। स्थानीय लोग तत्काल लोगों को बचाने में जुट गए। 3 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। बाकी मलबे में दबे 7 लोगों को बचाने के लिए लोगों के साथ पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम जुटी हुई है। हादसा लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कालोनी में शनिवार शाम करीब 6 बजे हुआ। मकान 35 साल पुराना बताया जा रहा है। मरम्मत नहीं होने के चलते मकान जर्जर हो गया था। मौके पर कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे, एसएसपी विपिन ताडा सहित अन्य अफसर मौजूद हैं। मेरठ के एसएसपी विपिन ताडा ने बताया कि तीन मंजिला मकान भरभराकर गिरा है। इसमें आठ से दस लोगों के दबे होने की आशंका है। अभी तक कोई कैजुअलिटी की सूचना नहीं है। लगातार रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में लगी है। पूरा मलबा हटने के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया-जैसे ही भरभराकर मकान गिरा तुरंत हम लोग मलबे में दबे परिवार को बचाने के लिए दौड़ पड़े। तत्काल पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस आती तब तक मलबा हटाकर 3 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम जब पहुंची तब प्रॉपर रेस्क्यू शुरू हुआ। गली सकरी होने के कारण बड़ी मशीन अंदर नहीं जा सकी,इसलिए फायर ब्रिगेड की टीम ने मैनुअली रेस्क्यू शुरू किया।

## स्पेस में छोड़कर लौटा नासा का यान तो भावुक हुई सुनीता विलियम्स

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अंतरिक्ष में कई महीनों से फंसे भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर शुक्रवार को भावुक हो गए। दोनों ने कहा कि बोइंग कैप्सूल को अपने बिना धरती पर वापस लौटते देखना आसान नहीं था। जून में सुनीता और बुच इसी कैप्सूल के ज़रिए अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन कुछ तकनीकी खराबियों के कारण उन्हें स्पेस स्टेशन पर ही रुकना पड़ा। पिछले हफ्ते बोइंग का कैप्सूल धरती की ओर रवाना हो चुका है, लेकिन सुनीता और बुच उसमें नहीं लौट पाए।

## केजरीवाल पत्नी के साथ हनुमान मंदिर पहुंचे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार सुबह क्नॉट प्लेस के हनुमान मंदिर पहुंचे। दिल्ली सीएम के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी पहुंचे। मंदिर पहुंचकर केजरीवाल ने पत्नी के साथ भगवान हनुमान को जल चढ़ाया।

पुजारी ने उन्हें एक गदा देकर चुन्नी उढ़ाई। पूजा के बाद अरविंद केजरीवाल राजघाट जाएंगे। वे महात्मा गांधी के समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शराब नीति केस में जमानत



मिलने के बाद मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने भी इसी हनुमान मंदिर में बजरंग बली की पूजा की थी। अंतरिम जमानत के बाद 2 जून को सरेंडर करने से पहले भी केजरीवाल ने इसी मंदिर में बजरंग बली के दर्शन किए थे। उधर, बुधवार को 177 दिन बाद जेल से बाहर आने पर तिहाड़ के बाहर आतिशबाजी हुई थी। इसे लेकर दिल्ली के सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, दिल्ली में प्रदूषण के चलते 1 जनवरी 2025 तक पटाखे जलाने पर बैन है।

## अमित शाह बोले- किसानों को उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही मोदी सरकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही है, जिससे किसान अपनी फसल का अधिक से अधिक दाम प्राप्त कर पायें। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सरकार ने प्याज और बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटाने समेत 3 महत्वपूर्ण



फैसले लिए हैं। मोदी सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात को बढ़ा रही है, जिससे किसान अपनी फसल का अधिक से अधिक दाम प्राप्त कर पायें। अमित शाह ने ‘एक्स% पर कहा, ‘‘मोदी सरकार ने प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) हटाने और निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे प्याज का निर्यात बढ़ेगा, जिससे प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी।%% उन्होंने कहा कि सरकार ने बासमती चावल पर भी एमईपी समाप्त करने का निर्णय लिया है

## राहुल गांधी के बयान से खालिस्तानी खेमे में खलबली





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हाल ही में भारत के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक बयान को अमेरिका और कनाडा में स्थित खालिस्तानी उग्रवादियों द्वारा स्वीकार किया गया। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में सिखों को अपने धर्म का पालन करने का अस्तित्वगत खतरा है, जिसमें पगड़ी और कड़ा जैसे धार्मिक प्रतीक शामिल हैं। इस बयान को अमेरिका में स्थित प्रतिबंधित संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के प्रमुख, गुरपतवंत सिंह पन्नू, ने खालिस्तान आंदोलन के समर्थन के रूप में इस्तेमाल किया। हालांकि, इस कथित एकता के पीछे खालिस्तान आंदोलन में गहरा विभाजन छिपा हुआ है। जहां पन्नू और स्न्नछ्ठ गांधी के बयान को अपने लक्ष्य के लिए अवसर के रूप में देख रहे हैं, वहीं कई खालिस्तानी समर्थक इस बात को लेकर संदेह में हैं। उनके लिए गांधी परिवार के किसी भी सदस्य के साथ जुड़ना असंभव है, खासकर 1980 के दशक में सिख समुदाय पर हुए अत्याचारों के कारण। राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को मंजूरी दी थी, जिसे कई सिखों ने स्वर्ण मंदिर की बेअदबी माना, और जिसका दर्द आज भी सिख समुदाय में मौजूद है। यह विभाजन खालिस्तान आंदोलन की एक बड़ी समस्या को उजागर करता है।

## गणेश विसर्जन के दौरान नदी में डूबकर हुई थी 8 लोगों की मौत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर जिले में मेश्वो नदी में डूबे आठ लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की शुक्रवार को घोषणा की। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान शुक्रवार शाम मेश्वो नदी में स्नान करते समय वासना सोगती गांव के आठ लोग डूब गए थे। घटना पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- गुजरात के देहगाम तालुका में डूबने की घटना में लोगों की मौत की खबर सुनकर बहुत दु:ख हुआ। इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। प्रधानमंत्री कार्यालय के आधिकारिक %एक्स% हैंडल पर जारी पोस्ट में कहा गया कि मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। हादसे में मारे गए लोगों का शनिवार को वासना सोगती गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

## चंडीगढ़ बम ब्लॉस्ट के बाद जम्मू-कश्मीर भागने वाले थे हमलावर

**अमृतसर ( एजेंसी )।** चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में हैंड ग्रेनेड फेंकने वाले हमलावर जम्मू-कश्मीर भागने की तैयारी में थे। 6 दिन की रिमांड मिलने के बाद स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने गिरफ्तार हमलावर से पूछताछ शुरू कर दी है। हमलावर ने पुलिस को कई अहम जानकारियां दी हैं। दूसरा हमलावर विशाल है, जो डेरा बाबा नानक का रहने वाला है। उसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। एसएसओसी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हमलावर रोहन मसीह ने बताया कि उसे विदेश से 5 लाख रुपये ऑफर किए गए थे। लेकिन अभी तक उसे करीब 20 हजार रुपये ही मिले हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद वह जम्मू-कश्मीर जाना चाहता था, ताकि चंडीगढ़, पंजाब और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से बच सके। रोहन ने पूछताछ में बताया कि चंडीगढ़ ब्लास्ट करने के बाद वे दोनों अमृतसर आ गए थे। लेकिन किसी काम से उसे खन्ना जाना पड़ा था। वे अमृतसर लौट आया था, क्योंकि यहां से उसे व विशाल को जम्मू-कश्मीर के लिए निकलना था। वे बस स्टैंड के पास होटल में छिपा हुआ था। जैसे ही वे होटल से निकला, उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## हरियाणा चुनाव में परिवार बंटा,छोटा भाई कांग्रेस उम्मीदवार

**चंडीगढ( एजेंसी )।** हरियाणा के पानीपत में कांग्रेस से बगावत कर पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। रोहिता रेवड़ी आज शहर से पांच बार विधायक रह चुके कांग्रेस प्रत्याशी वरिंदर बुल्ले शाह के बड़े भाई बलबीर पाल शाह के घर पहुंचीं। वहां उन्होंने उनका हालचाल पूछा। चुनाव के लिए जरूरी टिप्स भी सीखे। वहां पहुंचकर उन्होंने उनका आशीर्वाद लिया। आशीर्वाद देते हुए बलबीर पाल शाह ने कहा विजयी





भव–। गौरतलब है कि साल 2014 के विधानसभा चुनावों में भी जब रोहिता रेवड़ी बीजेपी की टिकट से चुनाव लड़ रही थी, तो तब भी उनके सामने कांग्रेस से बुल्ले शाह थे। इस दौरान भी रोहिता बुल्ले शाह के भाई बलबीर पाल शाह के घर गईं थी। जहां उनका आशीर्वाद लिया था। लेकिन बुल्ले शाह मनमुटाव के चलते बड़े भाई के पास उस वक्त भी नहीं गए थे। इस बार अभी तक नहीं गए हैं। वहीं, आपको बता दें कि बुल्ले शाह के अलावा बलबीर के बेटे बिक्रम शाह ने भी टिकट के लिए इस बार आवेदन किया था। हरियाणा कांग्रेस में चुनाव के बीच मची कलह को देखते हुए हाईकमान एक्टिव हो गया है।

# टीम इंडिया के बल्लेबाजों को बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाजों से निपटना होगा बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 19 सितंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल, चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट खेला जाएगा। एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम का शेड्यूल काफी व्यस्त रहने वाला है। अगले 4 महीने में भारतीय टीम को 10 टेस्ट खेलने हैं। 5 टेस्ट घर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ। वहीं 5 टेस्ट ऑस्ट्रेलिया में खेलने हैं। द इंडियन एक्स्प्रेस के अनुसार भारतीय टीम ने शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार नेट प्रैक्टिस की। हाल के समय में भारतीय बल्लेबाजों को स्पिन गेंदबाजों ने बहुत परेशान किया। चेन्नई में पहले दिन बल्लेबाजों ने स्पिनर्स के खिलाफ नेट्स में खूब पसीना बहाया। हालांकि, बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में तेज गेंदबाजों के मुफीद परिस्थितियां हो सकती हैं। लाल मिट्टी पिच का इस्तेमाल हो सकता है। भारत ने अपने नेट गेंदबाजों को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के अटैक को देखते हुए चुना है।

बांग्लादेश के दो बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन, ताइजुल इस्लाम और न्यूजीलैंड के पास एजाज पटेल, मिशेल सेंटनर और रचिन रविंद्र हैं, जो सभी ट्रैजेक्टरी और रिलीज पॉइंट के मामले में अलग-अलग चुनौतियां पेश करते हैं। रविं जडेजा और अक्षर पटेल के अलावा तमिलनाडु के एस अजित राम, एम सिद्धार्थ और पी विग्रेश उपलब्ध हैं। ऑफ स्पिनर्स ने काफी परेशानी पेश की। ऐसे में आर अश्विन के अलावा बल्लेबाजों ने तमिलनाडु के लक्ष्य जैन और मुंबई के अश्विन-क्लोन हिमांशु सिंह का सामना किया। बांग्लादेश को अपने घरेलू मैदान पर काली मिट्टी वाली पिचों पर खेलने की आदत है, जो आमतौर पर धीमी होती हैं। जिस कारण भारत पहला टेस्ट ऐसी पिच पर खेलेगा जो लाल मिट्टी से बनी होगी। हालांकि, टेस्ट के लिए अभी पांच दिन बाकी हैं, ऐसे में पिच पर अच्छी घास थी, जिसे मैदानकर्मियों ने सुबह 11.30 बजे ही ढक दिया था ताकि वह टूट न जाए।




# दिल्ली कैपिटल्स में हो सकते हैं बड़े बदलाव

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन इसी साल होना है, लेकिन उससे पहले हर फ्रेंचाइजी कितने खिलाड़ियों को रिलीज और रिटेन करेगी ये सबसे बड़ा सवाल है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत अभी तक कई बार दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन एक्सीडेंट के कारण से वह आईपीएल 2023 में नहीं खेल पाए थे। इसके बाद जब 2024 सीजन में उन्होंने कमबैक किया तो खुद को साबित किया। लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। दिल्ली ने पिछले सीजन में 14 मैच खेले थे और 7 जीते थे। अब टीम बड़े बदलाव की ओर से बढ़ रही है। बता दें कि, रिपोर्ट्स की मानें तो पंत को कप्तानी से हटाया जा सकता है। लेकिन इसको लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली में सबसे बड़ा बदलाव कोचिंग स्टाफ को लेकर हुआ। रिकी पोंटिंग ने टीम का साथ छोड़ दिया है। अब खिलाड़ियों को रिलीज करने की बारी है। टीम मेगा ऑक्शन से पहले प्लेयर्स की रिलीज लिस्ट जारी करेगी। इसमें कई बड़े प्लेयर्स का नाम भी शामिल हो सकात है। टीम के पास रिटेन करने का ऑप्शन कम है। इसको लेकर अभी तक संख्या का पता नहीं चल सका है। अगर पंत की बात करें तो उन्होंने 2016 में आईपीएल डेब्यू किया था। पंत के लिए पहला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। लेकिन उन्होंने 2018 में कमाल का प्रदर्शन किया था।

# पीयूष चावला ने बताया रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में फर्क

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले लेग स्पिनर पीयूष चावला ने रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में अंतर के बारे में बातचीत की। पीयूष चावला इन दोनों खिलाड़ियों की कप्तानी में मुंबई के लिए खेल चुके हैं। मुंबई ने आईपीएल 2024 में कप्तानी में बड़ा बदलाव किया था और रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को टीम की कप्तानी सौंपी गई थी।

हार्दिक की कप्तानी में मुंबई का प्रदर्शन खराब रहा था और ये टीम 10वें नंबर पर रही थी। पीयूष चावला ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी के अंतर के बारे में बात करते हुए बताया कि हर किसी की कप्तानी करने की अपनी शैली होती है। पीयूष चावला ने आईपीएल 2024 के अलग-अलग मैचों का उदाहरण देते हुए कहा कि इस सीजन में हार्दिक की कप्तानी में कोई कमी नहीं थी, लेकिन उन्होंने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। दोनों की कप्तानी में क्या फर्क है इस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंतर... मैं ऐसा नहीं कह सकता। हर किसी के सोचने का अपना तरीका होता है, हार्दिक का तरीका अलग है। हार्दिक वही कप्तानी हैं जिनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस विनर बनी थी और उप विजेता रही थी, तो ऐसा नहीं है।

पीयूष चावला ने आगे कहा कि टी20 में बात गति की होती है और इसमें चीजों को चुनना साथ ही चीजों का क्लिक होना शामिल है।

# ट्रॉफी में कोहली और स्मिथ के मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं मैक्सवेल




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भारत के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आधुनिक दौर के दो महान बल्लेबाजों विराट कोहली और स्टीव स्मिथ के मुकाबले को लेकर रोमांचित हैं। कोहली और स्मिथ मौजूदा दौर के 'फैब फोर' बल्लेबाजों में शामिल है जिसमें इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन भी हैं। मैक्सवेल ने स्टार स्पोटर्स से कहा ,'' जिस तरह से ये दोनों सुपरस्टार बल्लेबाज स्मिथ और कोहली खेल रहे हैं , मुझे लगता है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के नतीजे पर इनकी बल्लेबाजी का काफी असर पड़ेगा।'' उन्होंने कहा ,'' ये दोनों या दोनों में से एक काफी रन बनाने वाला है।हमारे दौर के इन दोनों बेहतरीन खिलाड़ियों को आमने सामने खेलते देखने में मजा आयेगा।'' कोहली और स्मिथ दोनों पूर्व कप्तान हैं और मैदान पर दोनों के बीच कई बार तीखी बहस हो चुकी है। पिछले कुछ समय में हालांकि इनके रिश्तों में सुधार आया है। स्मिथ ने कहा था कि तेवरों की बात करें तो कोहली भारतीय खिलाड़ियों में आस्ट्रेलियाई हैं।

# दलीप ट्रॉफी राउंड 2 में श्रेयस अय्यर पड़े फिके, 7 गेंदों पर बिना खाता खोले लौटे पवेलियन




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** श्रेयस अय्यर की टेस्ट टीम में वापसी को लेकर अभी उनको और उनके फैंस को इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल, दलीप ट्रॉफी में उनके पास स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शानदार प्रदर्शन करने का मौका है, मगर फिलहाल वह एक भी मौके को बुना नहीं पाए हैं। राउंड-2 में इंडिया ए के खिलाफ तो उन्होंने हद ही कर दी। वह दबंग बनने के चक्कर में काला चश्मा लगाकर बैटिंग करने उतरे, लेकिन उनकी हेकड़ी खलील अहमद ने निकाल दी। अय्यर ने 7 गेंदों पर बिना खाता खोले आउट हो गए। बता दें कि, दलीप ट्रॉफी में अय्यर ने अभी तक तीन पारियां खेली हैं। पहले मैच में उन्होंने फिफ्टी जड़ी थी लेकिन उसके बाद उन्होंने सिर्फ 9 रन बनाए थे। लेकिन इस बार अय्यर जब बल्लेबाजी करने आए तो वो चश्मा पहनकर आए थे जिसके बाद ट्रोल होने लगे। फैंस को उनका चश्मा पहनकर बल्लेबाजी करना बिलकुल भी पसंद नहीं आया।

# अफगानिस्तान- न्यूजीलैंड टेस्ट बिना गेंद डले हुआ रद्द

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलैंड एकमात्र टेस्ट मैच अधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया है। ये मैच बिना गेंद डले रद्द हुआ, यहां तक की दोनों कप्तान भारी बारिश और गीला मैदान होने की वजह से टॉस के लिए भी मैदान पर नहीं उतर पाए। इसी के साथ टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये मात्र 8वां घटना है जब कोई टेस्ट मैच बिना गेंदें डले रद्द हुआ हो। वहीं 21वीं सदी में ऐसा पहली बार हुआ है। इसी के साथ अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलैंड टेस्ट रद्द होने से एक और रिकॉर्ड भी बना। 91 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये टेस्ट एशिया में बिना गेंद डले रद्दे होने वाला पहला मैच बना है। जी हां, अभी तक रद्द हुए 7 टेस्ट एशिया के बाहर के थे। बिना गेंद डले रद्द हुए मैचों की लिस्ट में न्यूजीलैंड का ये लगातार दूसरा मुकाबला है। अफगानिस्तान से पहले भारत के खिलाफ 1998 में कीवी टीम ने 5 दिन ड्रेसिंग रूप में ही बिताए थे। टेस्ट नंबर 675ड्ड के दौरान जैसे ही खिलाड़ी मैदान में प्रवेश कर रहे थे, बारिश शुरू हो गई। एमसीसी मैनेजर, ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड और 2 एमसीसी अधिकारियों के बीच चर्चा हुई

# टीम इंडिया ने की तैयारी शुरू

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय टीम ने शुक्रवार को चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम पहली बार नए कोचिंग स्टाफ से भी मिली। मुख्य कोच गौतम गंभीर जुलाई अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के दौरान टीम से जुड़े थे। वहीं मोर्ने मोर्केल पहली बार बतौर गेंदबाजी कोच टीम के साथ नजर आए हैं। भारतीय टीम के सदस्य करीब एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप के लिए एकत्र हुए। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदबंरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नए गेदंबाजो कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें शेयर करके लिए कि, उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी। तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। इससे पहले पीली जर्सी पहले रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार को ही पहुंच गए थे।



# अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच रद्द होने से न्यूजीलैंड टीम को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच खेला जाना था। लेकिन अब ये इतिहास हो गया क्योंकि एक भी गेंद डाले बिना ये पांच दिनों का खेल नहीं हो पाया। बारिश ने एक या दो दिन नहीं, बल्कि पांचों दिन खलल डाला और मैच बिना टॉस के ही कैंसिल कर दिया गया। इससे न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान दोनों ही टीमों के कोच नाखुश और निराश हैं। हालांकि, कीवी टीम के कोच ज्यादा ही परेशान हैं, क्योंकि ना तो उनके खिलाड़ियों को मैच खेलने को मिला और ना ही टीम के खिलाड़ी प्रैक्टिस कर पाए, क्योंकि मैदान खेलने के लिए सुरक्षित नहीं था। ऐसा ही कुछ अफगानिस्तान टीम के हेड कोच का भी मानना है। न्यूजीलैंड टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलैंड टेस्ट मैच के रद्द होने पर कहा कि, ये हमारे लिए निराशाजनक है। ये अफगानिस्तान के खिलाफ हमारा पहला टेस्ट मैच था और हम इसके लिए बहुत उत्साहित थे। हमारे लिए श्रीलंका खिलाफ डब्ल्यूटीसी सीरीज भी बहुत करीब है। इसलिए इसके लिए की गई तैयारी हमारे लिए भी बहुत उपयोगी रही होती और हमारे लिए सबसे निराशाजनक बात ये है कि हम अगले सप्ताह अपने टेस्ट मैच में जाने से पहले मैच के लिए तैयार होने की क्षमता खो चुके हैं। बता दें कि, 18 सितंबर से श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज खेली जानी है लेकिन कीवी टीम की इस सीरीज के लिए तैयारी नहीं है।




# आजम से जिस तरह का बर्ताव हुआ उससे उसका आत्मविश्वास डगमगाया-मोईन खान

**कराची ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान मोईन खान ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में आजम खान के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, उसके कारण उनके बेटे के आत्मविश्वास को ठेस पहुँची है। पाकिस्तान के इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने बेटे के करियर को हुए नुकसान के लिए पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा को जिम्मेदार ठहराया है। मोईन ने कहा कि अमेरिका में 2024 टी20 विश्व कप के दौरान पाकिस्तान द्वारा खेले गए सभी मैच देखने के बाद वह आत्मविश्वास से कह सकते हैं कि उनका बेटा विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त है। मोईन ने कहा, ''मैंने पूरा विश्व कप और उससे पहले के मैच देखे और ऐसा लग रहा था कि आजम विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी के लिए पहली पसंद था।

फिर अचानक सिर्फ एक मैच के बाद पूरी रणनीति बदल दी गयी।'' आजम को फिटनेस को लेकर प्रशंसकों का गुस्सा झेलना पड़ा है। विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ टीम की शुरुआती मैच में वह पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हो गये थे। इसके बाद उन्हें भारत के खिलाफ मैच से बाहर कर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 6000 से अधिक रन बनाने वाले मोईन ने कहा, आजम को एक मैच के बाद विकेटकीपिंग का मौका नहीं दिया गया और पहली ही गेंद पर (अमेरिका के खिलाफ) आउट होने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया। कोई भी खिलाड़ी पहली गेंद पर आउट हो सकता है, लेकिन यहां खिलाड़ियों को विकसित करने की जो परंपरा हुआ करती थी, वह अब नहीं रही। चाहे कप्तान हो या प्रबंधन, अगर वे खिलाड़ियों में इतनी जल्दी बदलाव करते रहेंगे तो हम अच्छे खिलाड़ी कैसे तैयार कर सकते हैं?''



मोईन ने अपने बेटे की परेशानी के लिए रमीज को दोषी ठहराते हुए कहा कि जैसे ही इस पूर्व क्रिकेटर ने पीसीबी अध्यक्ष का पद संभाला, उन्होंने आजम को 2021 टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया। मोईन ने कहा, ''उस समय अगर मुख्य चयनकर्ता ने गलत चयन किया था तो उन्हें हटा दिया जाना चाहिए था, लेकिन उनमें साहस नहीं था और परिणामस्वरूप, उन्होंने एक युवा खिलाड़ी का मनोबल गिराया।'' मोईन ने हालांकि माना की आजम में कुछ खामियां है और वह अपनी फिटनेस को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा, ''मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि सारा दोष टीम प्रबंधन और कप्तान का है। आजम की भी अपनी कमियाँ हैं। उन्हें खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्हें अन्य खिलाड़ियों की फिटनेस दिनचर्या का पालन करना होगा।'' मोईन ने कहा कि उनका बेटा अपनी फिटनेस सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा, ''पिछले एक महीने से मैंने देखा है कि वह अपने ट्रेनर शहजार मोहम्मद के साथ अपनी फिटनेस में सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है।

# मैहर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने गणेश विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासन के निर्देशानुसार मैहर कलेक्टर रानी बाटड एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने शनिवार को गणेश विसर्जन की तैयारियों की व्यवस्था हेतु विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि सभी घाटों में अस्थाई कुंड बनाये जाये ताकि लोग मूर्ति विसर्जन सीधे जल स्त्रोतों में न करके कुंड में विसर्जन करें। कलेक्टर ने विसर्जन स्थल पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था, समुचित लाइटिंग, वाहन पार्किंग, बैरिकेटिंग और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने घाट पर रस्सियों और बैरिकेटिंग के माध्यम से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि विसर्जन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहना होगा और हर प्रकार की आपातकालीन सेवाएं तत्पर होनी चाहिए।

इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मैहर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में नदी तालाब में किए जाने वाले मूर्ति विसर्जन स्थल मां शारदा मंदिर बंधा, घुसड़ू नदी, सोनवारी नदी, टमस नदी, पिपरा डोलनी, का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सभी चिन्हित जगहों पर विभागीय अधिकारियों को कुंड बनाने के निर्देश दिए ताकि आने वाले त्यौहारों पर मूर्ति विसर्जन सुरक्षित तरीके से किया जा सके। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, सीएमओ लालजी ताम्रकार, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, प्रेमलाल चौधरी, सुनील द्विवेदी, निपेंद्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर युवती से करता रहा दुष्कर्म

### पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी टेक्निकल सेल की मदद से आया।

जानकारी के मुताबिक, सतना की सिविल लाइन थाना पुलिस ने युवती को दरिंदगी का शिकार बनाने के आरोप में युवक को बंदी बनाया है। पकड़े गए आरोपी का नाम विमान सिंह पिता राजेश सिंह है और वह साईं नगर पतेरी थाना सिविल लाइन का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि 13 सितंबर को युवती ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का वादा भी किया। झांसा देकर आरोपी ने युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया और फिर शादी करने से इंकार कर दिया।

पुलिस ने युवती की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 64(2), 351(2) एवं 3(2)(वी) एसटी/एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी विमान सिंह की गिरफ्तारी के लिए टेक्निकल सेल की मदद ली और लोकेशन ट्रेस कर उसे धर दबोचा।

## कोरम के अभाव में अविष्वास प्रस्ताव के लिए सम्मिलन आहूत करने का प्रस्ताव खारिज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** म.प्र. नगर परिषद पालिक निमग अधिनियम एवं नियम 1956 की धारा 23 क (2) की उप धारा (एक) के अंतर्गत नगर पालिक सतना के अध्यक्ष श्री राजेश चतुर्वेदी पालन के विरूद्ध निर्वाचित 18 पार्षदों द्वारा 6 बिंदुओं के अविश्वास प्रस्ताव के लिए सम्मिलन आहूत करने का प्रस्ताव कोरम के अभाव में खारिज कर दिया गया। कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि 9 नवंबर हो नगर पालिक निगम सतना के निर्वाचित 18 पार्षदों द्वारा वर्तमान परिषद के अध्यक्ष श्री राजेश चतुर्वेदी पालन के विरूद्ध 6 बिंदुओं के अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में सम्मिलन आहूत करने मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 23 क (2) के अंतर्गत हस्ताक्षरित पत्र का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। हस्ताक्षरित ज्ञापन को प्रमाणीकरण के लिए 13 एवं 14 सितंबर को 9-9 पार्षद को विहित प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर हस्ताक्षर प्रमाणीकरण करते हुए अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में सहमति तथा असहमति चाही गई थी। इस दौरान हस्ताक्षरित पत्र को प्रमाणीकरण करने विहित प्राधिकारी के सम्मुख 13 वार्डों के निर्वाचित पार्षद उपस्थित हुए। जिनमें 2 पार्षदों द्वारा असहमति व्यक्त की गई। इस तरह ज्ञापन में हस्ताक्षरित 18 निर्वाचित पार्षदों में से कुल 13 वार्ड पार्षद उपस्थित हुए। जिनमें 11 पार्षदों ने अध्यपेक्षा के संबंध में सहमति और 2 पार्षदों द्वारा असहमति व्यक्त की गई। शेष 5 पार्षद अनुपस्थित रहे। कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी ने मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम एवं नियम की 1956 की धारा 23 क (2) की उप धारा 1 तत्समय निगम का गठन करने वाले निर्वाचित पार्षदों की कुल संख्या के कम से कम एक तिहाई द्वारा हस्ताक्षरित अध्यपेक्षा पर तत्काल सम्मिलन बुलाया जाने के प्रावधान के अनुसार कुल 11 पार्षदों द्वारा ही सहमति व्यक्त करने पर कोरम के अभाव में विशेष सम्मेलन का बुलाये जाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। उन्होंने आदेश में लिखा है कि प्रावधान के अनुसार एक तिहाई निर्वाचित पार्षदों द्वारा हस्ताक्षरित अध्यपेक्षा पर सम्मिलन बुलाये जाने हेतु कोरम की पूर्ति नहीं होने से अविश्वास प्रस्ताव के लिए विशेष सम्मेलन बुलाये जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती।

## ट्यूशन टीचर ने नाबालिग से किया रेप, पुलिस ने आरोपी को 3 घंटे में पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले की धार्मिक नगरी चित्रकूट में एक ट्यूशन टीचर ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक चित्रकूट थाना अंतर्गत कस्बे में 9 साल की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। उसके साथ दरिंदगी करने वाला कोई और नहीं बल्कि परिवार का रिश्तेदार और मासूम बालिका का ट्यूशन टीचर ही निकला। शनिवार को मामला चित्रकूट थाना पुलिस के पास पहुंचने के चंद घंटों के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसडीओपी रोहित राठौर ने बताया कि शिकायत मिलने के 3 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसडीओपी ने बताया कि आरोपी नाबालिग और उसकी छोटी बहन को उनके घर जा कर ट्यूशन पढ़ाता था। वह परिवार का रिश्तेदार भी था, लिहाजा बच्चियों के माता-पिता उस पर भरोसा भी करते थे। लेकिन उसने रिश्तों और विश्वास की धज्जियां उड़ाते हुए घिनौनी घटना को अंजाम दिया। बच्चियों के माता-पिता के घर पर नहीं होने पर उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। माता - पिता के घर लौटने पर पीड़िता ने उन्हें रोते हुए आपबीती सुनाई, जिसके बाद मामला थाना पहुंचा।

## बीजेपी युवा मोर्चा का प्रदर्शन

### पूर्व सीएम अखिलेश यादव का फूंका पुतला, बयान पर माफी मांगने की मांग



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के विवादित बयान 'मठाधीश और माफिया में कोई ज्यादा फर्क नहीं हैं' पर भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा ने आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया। धनुष चौराहे पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया।

दरअसल, अखिलेश यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में साधु-संतों और मठों को लेकर यह बयान दिया था। जिस पर न केवल संत समाज बल्कि बीजेपी ने भी कड़ा विरोध जताया। साधु-संतों के अपमान को लेकर पूरे प्रदेश में असंतोष व्याप्त हो गया है।

**सनातन धर्म का अपमान:** बीजेपी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा ने इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान सीधे साधु-संतों और सनातन धर्म का अपमान है। मठाधीशों को माफिया कहना न केवल धर्म का अपमान है, बल्कि अखिलेश यादव की सोच पर भी सवाल खड़े करता है। उनके पिता और वे खुद माफियाओं को संरक्षण देते रहे हैं, फिर भी साधु-संतों पर इस तरह का बयान देना बेहद निंदनीय है।

युवा मोर्चा ने अखिलेश यादव से तत्काल माफी मांगने की मांग की है।

## लोक अदालत में सुलझा पति-पत्नी का विवाद

### चित्रकूट में मतभेद भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में शनिवार को चित्रकूट जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों मुकदमों को आपसी सहमति और सुलह के आधार पर निपटाया गया। खासतौर पर पति-पत्नी के ऐसे मामले, जो लंबे समय से अलग रह रहे थे। अदालत के प्रयासों से सुलझाए गए। कई जोड़ों को आपसी सहमति से फिर से साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया।

**सुलह से सजीव हुए रिश्ते:** लोक अदालत में उपस्थित पति-पत्नी, जो आपसी मतभेदों के चलते अलग हो चुके थे, उन्हें समझा-बुझाकर एक साथ रहने के लिए मनाया गया। अदालत के इस प्रयास से कई जोड़ों ने खुशी-खुशी साथ रहने का फैसला किया। राजमणि पाठक, न्यायाधीश ने कहा, "इस तरह की पहल से परिवारों में शांति और समझौते की भावना को बढ़ावा मिलता है।"

**विभिन्न विभागों के मुकदमों का निपटारा:** न्यायाधीश पाठक ने बताया कि लोक अदालत में सिर्फ पारिवारिक ही नहीं, बल्कि कई विभागों के मुकदमों का भी सुलह के जरिए निपटारा किया गया। उन्होंने कहा, "लोक अदालत का उद्देश्य ही यही है कि विवादित पक्षों के बीच बातचीत कराकर उन्हें आपसी सहमति से समाधान तक पहुंचाया जाए।" इस पहल से कई लोगों को त्वरित और सस्ते न्याय की सौगात मिली। अदालत में हुए इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना हुआ है।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए एल्डर लाइन नम्बर 14567

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह एल्डरलाइन नंबर 14567 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा सामाजिक न्याय और निशक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं एवं मार्गदर्शन हेतु सहायता के लिए हेल्पेज इंडिया द्वारा हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित एक योजना है, जो म.प्र. के सभी जिलों में संचालित है। यह हेल्पलाइन सप्ताह के सातों दिन सुबह 08 बजे से रात 08 बजे तक कार्य करती है। एल्डर लाइन के अतंर्गत सेवाओं के एक भाव के रूप में मुफ्त कानूनी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है तथा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और रख-रखाव के अधिनियम-2007 के बारें में और पेंशन योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदाय की जाती है। यदि किसी वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह इस हेल्पलाइन नंबर पर रिपोर्ट कर सकतें है। कोई भी वरिष्ठजन अकेला हो या भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर रहा हों, वे फोन करके बात कर सकतें है। हेल्पलाइन के माध्यम से भावनात्मक परामर्श प्रदान करने, परित्यक्त वृद्ध लोगों को अस्थाई आश्रय प्रदान करनें, उन्हें फिर से उनके परिवार के साथ मिलानें में मदद की जाती है। इसके अलावा वृद्धाश्रम, देखभाल करने वाली संस्थाओं, अस्पतालों आदि के बारें में भी जानकारी प्रदान की जाती है।

## शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

### स्कूल से घर लौट रहे थे, तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में कॉलेज से लौट रहा शिक्षक सड़क हादसे में घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से शिक्षक को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

श्री शंकर इंटर कॉलेज रगौली के शिक्षक संतोष कुमार स्कूल से घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से शिक्षक को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

शिक्षक संतोष कुमार की मौत की खबर जैसे ही उनके परिजनों तक पहुंची। घर में कोहराम मच गया। परिवार के लोग सदमे में हैं और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संतोष कुमार की एक्सीडेंट में मौत की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत कार्रवाई में जुट गई। उनके परिवार को फोन पर घटना की जानकारी दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# अपने ही पार्षदों का विश्वास नहीं जुटा पाई कांग्रेस

### फ्लोर टेस्ट से पहले हुई फेल, गायब रहे 2 पार्षद, कलेक्टर ने खारिज की मांग



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगर निगम सतना के स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कांग्रेसी कोशिश फ्लोर टेस्ट के पहले ही फेल हो गई है। कांग्रेसी अपने ही पार्षदों का विश्वास नहीं जीत पाए। नतीजतन हस्ताक्षर प्रमाणीकरण की दो दिन चली कवायद के बाद अविश्वास का प्रयास भी असफल हो गया। कलेक्टर ने भी कांग्रेस का आवेदन खारिज कर दिया।

नगर निगम में मचे घमासान के बीच अविश्वास पत्र पर शनिवार को भी कांग्रेसी पार्षदों के हस्ताक्षर प्रमाणीकरण की कवायद लगातार दूसरे दिन भी चली। कलेक्टर अनुराग वर्मा के सामने 9 पार्षदों को शनिवार को उपस्थित हो कर कांग्रेस की अविश्वास पत्र पर सहमति जताते हुए अपने हस्ताक्षर प्रमाणित करने थे। हालांकि, 9 में से दो पार्षद उपस्थित नहीं हुए जबकि एक ने असहमति जताते हुए अविश्वास पत्र पर अपने हस्ताक्षर होने से ही इंकार कर दिया।

कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद अशरफ अली बाबा जहां कलेक्ट्रेट ही नहीं पहुंचे वहीं मनीष टेकवानी ने असहमति जता दी जबकि अर्चना अनिल गुप्ता पहले ही भाजपा की सदस्यता ले चुकी हैं। ऐसे में शनिवार को सिर्फ पार्षद पंकज कुशवाहा, रसीद डेन्टर, तारिक रजा उर्फ फुर्सत, प्रतिमा आशुतोष सिंह, रजनी रामकुमार तिवारी तथा मनीष टेकवानी ही उपस्थित हुए। उनमे भी मनीष ने अपनी पार्टी के उस पत्र पर अपने हस्ताक्षर होने से इंकार कर दिया जिसे 9 सितंबर को कलेक्टर को देने वे खुद भी गए थे।

**कलेक्टर ने खारिज किया आवेदन, बोले- सम्मिलन की जरूरत नहीं:** दो दिन तक चली कवायद के बाद कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कांग्रेस पार्षद दल की तरफ से नेता प्रतिपक्ष रावेंद्र सिंह मिथलेश द्वारा प्रस्तुत अविश्वास पत्र और फ्लोर टेस्ट के लिए विशेष सम्मिलन बुलाए जाने की मांग खारिज कर दी। इस संबंध में कलेक्टर ने पारित आदेश में कहा कि आवेदन ( अध्यपेक्षा) में हस्ताक्षर करने वाले 18 में से सिर्फ 13 पार्षद ही उपस्थित हुए और उनमें भी 2 पार्षदों शहनाज बेगम तथा मनीष टेकवानी ने असहमति जता दी। प्रावधान अनुसार अध्यपेक्षा पर एक तिहाई पार्षदों के हस्ताक्षर प्रमाणित न होने से कोरम की पूर्ति नहीं होती। विशेष सम्मिलन बुलाए जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती।

कलेक्टर ने इसके साथ ही हस्ताक्षर प्रमाणीकरण के सम्बंध में कांग्रेस की तरफ से जताई गई आपत्ति तथा एक बार असहमति जताने के बाद पार्षद शहनाज बेगम द्वारा शपथ पत्र पेश कर दोबारा अवसर मांगे जाने के मामले का भी निराकरण कर दिया।

**अपने ही खेल में फेल हुई कांग्रेस:** नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के अपने ही खेल में कांग्रेस फेल हो गई। कांग्रेस अपने ही पार्षदों का विश्वास नहीं जुटा पाई। विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा भी इस मामले में फ्रंट फुट पर खेलने आए लेकिन वो भी टीम को बांध और साध कर नहीं रख पाए। स्पीकर को हटाने की कोशिश तो कामयाब नहीं हो पाई उल्टे कांग्रेस को अपने दो पार्षद जहां घोषित तौर पर गंवाने पड़े वहीं तीन पार्षद अघोषित तौर पर उसके हाथ से फिसल गए। और तो सब नए थे लेकिन पुराने कांग्रेसी और तीन बार के पार्षद अशरफ अली बाबा भी साथ नहीं आए।

हालांकि, इस पूरे घमासान के बीच हॉर्स ट्रेडिंग, लेनदेन और प्रेशर पॉलिटिक्स की चर्चाएं भी सुर्खियों में रहीं। लेकिन इस सब के बीच भाजपा ने कांग्रेस को एक बार फिर पटखनी लगा कर चित्त कर दिया। इस नाकामी ने नेता प्रतिपक्ष रावेंद्र सिंह मिथलेश और पूरे कांग्रेसी खेमे को निराश कर दिया है।

बता दें कि कांग्रेस के 18 पार्षदों में से शुक्रवार को जहां माया देवी कोल ,सुनीता चौधरी और सुषमा केके तिवारी कलेक्टर के सामने नहीं आईं। जबकि शहनाज बेगम ने असहमति व्यक्त कर दी। इसी तरह शनिवार को अर्चना गुप्ता और अशरफ अली बाबा कलेक्ट्रेट नहीं पहुंचे तो मनीष टेकवानी ने पहुंच कर भी असहमति व्यक्त कर दी।

## सुकन्या-समृद्धि-योजना में बेटी के जन्म से 10 वर्ष की आयु तक खाता खुलवा सकते हैं

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** बेटियों के लिए छोटी बचत योजनाओं को बढ़ावा देने के मकसद से विशेष जमा योजना सुकन्या समृध्दि योजना की चलाई जा रही है। सुकन्या समृद्धि योजना केवल बेटियों के लिए है, जिसमें हाल ही में सरकार ने बहुत बदलाव किये हैं। इस योजना में न्यूनतम जमा राशि 1,000 रुपए से घटाकर 250 रुपए कर दी गई है। इसमें बालिका के माता-पिता या संरक्षक बेटी के नाम से किसी भी पोस्ट ऑफिस ब्रांच मे खाता खुलवा सकते हैं बेटियों के लिए खाता खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज में लड़की के जन्म का प्रमाण पत्र, लड़की का आधार कार्ड, माता या पिता का आधार कार्ड, पेनकार्ड और माता-पिता के दो पासपोर्ट फोटो आवश्यक है। खाते में न्यूनतम राशि 250 रुपए या अधिकतम राशि 1,50,000 वार्षिक जमा की जा सकती है। सुकन्या समृद्धि योजना खाता बेटी के जन्म से लेकर 10 वर्ष तक की आयु तक के बीच खुलवाया जा सकता है। बालिका के 10 वर्ष तक की आयु होने तक माता-पिता खाते को संचालित कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।